दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 04 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 255 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## जीएसटी में बड़ा सुधार
### दूध, पनीर और रोटी टैक्स फ्री
### घरेलू सामान पर सिर्फ 5% जीएसटी



**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की बैठक में आम जनता को बड़ी राहत देने वाले फैसले किए गए। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अब दूध, पनीर और रोटी जैसी जरूरी वस्तुएँ पूरी तरह जीएसटी से बाहर रहेंगी। वहीं, कई घरेलू उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर केवल 5% कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जीएसटी को स्थिर और स्थायी बनाना है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि राज्यों को जीएसटी मुआवजे के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

इन बदलावों से आम घरों के खर्च में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

# लोनी में खतरे के निशान पर बह रही यमुना
## अलर्ट मोड पर प्रशासन, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही है राहत सामग्री





### भारी बारिश और जलभराव से परेशान लोग इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं

मोहननगर
**8178018395**
वसुंधरा
**8178016856**
विजयनगर
**8178016830**
सिटी
**8178016854**
कविनगर
**8178018396**
नगर निगम मुख्यालय
**18001803012 (24×7)**




**चेतावनी**
- यमुना नदी के डूब क्षेत्र से दूर रहें।
- बिजली के खंभों और नंगे तारों से दूरी बनाए रखें।
- अफवाहों पर ध्यान न दें, केवल प्रशासनिक सूचना पर भरोसा करें।
- पानी भरे क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही से बचें।

### लगातार बारिश और हथिनी कुंड से छोड़े गए पानी ने बढ़ाई मुश्किलें, पुश्ते पर शरण लेने को मजबूर लोग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में लगातार हो रही बारिश और हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी ने हालात बिगाड़ दिए हैं। लोनी इलाके में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है।

मंगलवार देर रात यमुना 211.25 मीटर तक पहुंच गई, जबकि खतरे का निशान 212 मीटर है। प्रशासन ने आपदा से निपटने के लिए पुलिस, एनडीआरएफ और गोताखोरों को तैनात कर दिया है।

**सुदामापुरी**



#### खेतों और घरों में भरा पानी

लोनी के इलाइचीपुर, रामपुर, बदरपुर और पचरा गांव में पानी भर गया है। बदरपुर इलाके में कई घर आधे तक डूब गए। सड़कों का निशान तक गायब हो गया। लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

#### पुश्ते पर सिमटी जिंदगी

डूब क्षेत्र के लोग अपने मकान छोड़कर यमुना के तटबंध (पुश्ते) पर शरण लेने को मजबूर हैं। प्रशासन ने यहां पेयजल की व्यवस्था की है और पानी के टैंकर भेजे हैं। प्रभावित परिवारों के लिए 12 शरण स्थल बनाए गए हैं।

#### प्रशासन की अपील

अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट ने कहा कि प्रशासन हर स्थिति पर नजर रख रहा है। लोगों से अपील है कि धैर्य बनाए रखें और भ्रामक खबरें न फैलाएं। एसडीएम लोनी दीपक कुमार मौके पर कैंप कर रहे हैं और हालात पर लगातार निगरानी कर रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर जारी।

## यमुना के बढ़ते जलस्तर से गाजियाबाद के गांव प्रभावित, एनडीआरएफ की तैनाती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरियाणा के हथिनी कुंड (ताजेवाला) बैराज से छोड़े जा रहे अत्यधिक जल का असर गाजियाबाद तक पहुंचा है। जिले के लोनी क्षेत्र के कई गांव– बदरपुर, मीरपुर हिन्दू, पचायरा, इलायचीपुर, लुत्फुल्लापुर नवादा और अल्लीपुर–यमुना नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित हुए हैं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सौरभ भट्ठ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल और तहसीलदार डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की।



प्रशासन ने जानकारी दी कि एनडीआरएफ टीम द्वारा नावों की मदद से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। प्रभावित लोगों के लिए 12 शरणालय स्थल बनाए गए हैं, जहां भोजन पैकेट, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मवेशियों के लिए भी चारे की व्यवस्था की गई है।

संभावित आपदा से निपटने के लिए गोताखोरों और नावों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पचायरा बाढ़ चौकी पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती है और ग्राम स्तर पर बाढ़ सुरक्षा समितियां सक्रिय होकर बचाव कार्यों में सहयोग कर रही हैं।

यमुना नदी का जलस्तर 211.75 मीटर दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हालात पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।

#### अधिकारियों की सराहनीय भूमिका

- अपर जिलाधिकारी सौरभ भट ने प्रभावित गांवों में पहुंचकर हालात का जायजा लिया और राहत कार्यों की मॉनिटरिंग की।
- ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक सिंघनवाल ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्हें भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।
- तहसीलदार डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल लगातार राजस्व टीम और सिंचाई विभाग के साथ तालमेल बनाए हुए हैं।
- अधिकारियों ने बचाव कार्य में लगी टीमों का मनोबल बढ़ाया और त्वरित निर्णय लेकर राहत कार्य को गति दी।

## गाजियाबाद की सड़कें बनी तालाब, घंटों जाम में फंसे लोग
### दिनभर रुक-रुक कर हुई बारिश ने शहर की रफ्तार थाम दी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार की बारिश ने गाजियाबाद की सड़कों की पोल खोल दी। सुबह से देर शाम तक कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बरसात होती रही और पूरा शहर जलभराव से बेहाल रहा। मुख्य बाजारों से लेकर अंडरपास तक पानी भर गया, जिससे वाहन घंटों तक रेंगते रहे।

नवयुग मार्केट, राजनगर एक्सटेंशन रोड, लालकुआं, विजयनगर, पटेल नगर, रोडवेज बस स्टैंड और गोशाला रोड पूरी तरह जलमग्न हो गए। बारिश में सड़कों पर बने गड्ढों का अंदाजा लगाना वाहन चालकों के लिए मुश्किल हो गया। दुपहिया और चार पहिया वाहन गड्ढों में धंसते ही ठप हो गए और पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही।

#### पेड़ गिरा, यातायात रुका

करंट क्राइम। संजयनगर के मुख्य मार्ग पर वर्षों पुराना पेड़ गिर जाने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर टहनियां हटाईं और दुपहिया वाहनों का आवागमन शुरू कराया।



#### लालकुआं में दिनभर जाम

लालकुआं और बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में जाम की स्थिति दिनभर विकराल रही। अस्थाई यूटर्न बनाए जाने के बावजूद वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। महज 600 मीटर की दूरी तय करने में लोगों को 20झ25 मिनट लगे। इस दौरान कई जगहों पर चालकों के बीच कहासुनी और मारपीट की घटनाएं भी हुईं।

एडीसीपी यातायात सच्चिदानंद ने बताया कि बारिश में वाहनों की गति धीमी और दबाव अधिक होने की वजह से जाम की स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी रेनकोट पहनकर लगातार चौराहों और मुख्य मार्गों पर तैनात रहे और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया।



**सच्चिदानंद**, एडीसीपी यातायात

## हिंडन पर बाढ़ के खतरे का साया
### शमशान घाट नूर नगर के सामने कमल ककड़ी की खेती से हिंडन नदी की मुख्य धारा अवरुद्ध : विजेंद्र चौहान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** करहेड़ा के पूर्व पार्षद बिजेंद्र चौहान ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए हिंडन नदी का दौरा किया जिसमें पाया कि शमशान घाट नूर नगर के सामने एक बड़े हिस्से में बांध बनाकर कमल ककड़ी की व्यापक पैमाने पर खेती की जा रही है, जो हिंडन नदी की मुख्य धारा को अवरुद्ध कर रही है। इससे नदी का पानी पीछे की ओर बैक सिटी फॉरेस्ट होते हुए कॉलोनी में प्रवेश कर रहा है, जिससे बाढ़ का खतरा निरंतर बना हुआ है। पूर्व पार्षद बिजेंदर चौहान ने प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन इसके बावजूद कोई पहल नहीं की गई है। इससे लोगों में आक्रोश है और वे प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। पूर्व पार्षद बिजेंद्र चौहान ने मीडिया से आग्रह किया है कि वे प्रशासन से उनकी उदासीनता का कारण पूछें और इस समस्या का समाधान करने के लिए दबाव डालें।

पानी एक बार फिर से बढ़ना शुरू हो गया है और लोनी के बाद अब फारूक नगर के खेतों में प्रवेश करना शुरू हो गया है, जिससे बाढ़ का खतरा और भी बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि जलकुंभी को हटाने के लिए अपने निजी खर्चे से लोगों से हटवा रहे हैं, जिससे कॉलोनी में पानी ना भरे।

## लगातार बारिश को लेकर गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के दिए निर्देश







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मौसम विभाग ने 8 सितम्बर तक लगातार बारिश की संभावना जताई है। इसके मद्देनजर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से रात के समय व्यवस्थाओं को संभालने के लिए अलग टीम बनाई गई है।

आयुक्त ने जोनल प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जलभराव और निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य, जलकल और निर्माण विभाग की संयुक्त टीमें लगातार बारिश में हालात पर नजर रख रही हैं। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे बिजली के खंभों से दूर रहें, डूब क्षेत्र में न जाएँ, अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत निगम के टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें।

निर्माण विभाग को संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग करने, स्वास्थ्य विभाग को सफाई व्यवस्था मजबूत करने और जलकल विभाग को जल निकासी के लिए अतिरिक्त उपकरण लगाने के निर्देश दिए गए हैं। वार्ड स्तर पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पार्षदों से भी समन्वय करने को कहा गया है।

#### मदद के लिए तुरंत करें कॉल

निगम का टोल फ्री नंबर
**1800-180-3012**
जलभराव, बिजली, सफाई या किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करें।
**यह नंबर 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।**

# डूब गई दिल्ली ! यमुना का जलस्तर 207.19, टूटा 2010 का रिकॉर्ड

## निगम बोध घाट और ओल्ड उस्मानपुर में घुसा यमुना का पानी, वासुदेव घाट डूबा











## जलस्तर बढ़ने से मोनेस्ट्री मार्केट और आसपास के इलाकों में बाढ़ आ गई है

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में भारी बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है, कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। निचले इलाकों में यमुना का पानी घुस गया है। दिल्ली का यमुना बाजार, निगम बोध घाट, ओल्ड उस्मानपुर गांव, आईएसबीटी का वासुदेव घाट पानी में डूब गया है। मोनेस्ट्री मार्केट में भी यमुना का पानी घुस गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में पांच तारीख तक हल्की से भारी बारिश देखने को मिल सकती है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 207.19 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर है। यमुना नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी की वजह से निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। कई इलाकों में एनडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

दिल्ली के यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से निगम बोध घाट क्षेत्र में बाढ़ का पानी घुस गया है। यह दृश्य आज सुबह 10.40 बजे ड्रोन से लिया गया था।

**यमुना बाजार के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा :** यमुना नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण यमुना बाजार में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। एनडीआरएफ कमांडेंट ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। हमारी टीमें कल रात से ही यहां तैनात हैं। 14-18 टीमें स्टैंडबाय पर हैं। जबकि चार टीमें अलग-अलग जगह पर तैनात हैं।

**ओल्ड उस्मानपुर और ओल्ड गढ़ी मेंडू गांवों में यमुना का पानी पहुंचा :** दिल्ली के ओल्ड उस्मानपुर और ओल्ड गढ़ी मेंडू गांवों में यमुना का पानी पहुंच गया है। यहां रहने वाले लोग, उनके मवेशी और अन्य जानवर प्रभावित हो रहे हैं, यमुना नदी का पानी दो गांवों में घुसने के बाद उन्हें अपने घर खाली करने पड़ गए हैं।

ओल्ड उस्मानपुर गांव के एक निवासी ने बताया, जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पानी कई घरों में घुस गया है। हमें दो दिन पहले घर खाली करने का आदेश दिया गया था। अब यहां राहत शिविर लगा दिए गए हैं।

**यमुना का जलस्तर बढ़ने से निगम बोध घाट क्षेत्र में बाढ़ का पानी घुसा**

## दिल्ली-एनसीआर, नोएडा समेत कई शहरों में हो रही झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से आसमान में हल्के बादल दिखे, जो दोपहर बाद घने हो गए। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद के आस-पास के इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। वहीं, मौसम विभाग ने बुधवार के लिए भी हल्की स्तर की वर्षा होने की संभावना जताई है, जबकि कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश का अलर्ट है।

### दिल्ली-गुरुग्राम सीमा पर लगा भयानक जाम





दिल्ली में भारी बारिश के कारण बीते दिन खासकर दिल्ली-गुरुग्राम सीमा पर यातायात जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई है। मंगलवार सुबह से लेकर शाम तक यह स्थिति बनी रही। शहर में जलभराव और कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन में भी व्यवधान आ रहा है, जिसके कारण एयरलाइनों को यात्रा संबंधी सलाह जारी करनी पड़ रही है।

बारिश के कारण दिल्ली के ज्यादातर अंडरपास ओखला, पुल प्रह्लादपुर अंडरपास, एयरपोर्ट, मूलचंद आदि अंडरपास में दिन भर जलभराव की स्थिति रही। इससे वाहनों की आवाजाही में दिन भर परेशानी होती रही। इससे जाम जैसे हालात पैदा हो गए थे। इसके अलावा प्रमुख मार्गों पर भी जलभराव होने से जगह-जगह जाम लग रहा था। इनमें धौला कुंआ, एनएच-8 व 24, महिपालपुर, अंधेरिया मोड़, सतबड़ी-महरौली रोड, पूरा एमबी रोड, ग्रीन पार्क, मॉडल टाउन, लक्ष्मी नगर, सीलमपुर, जाफराबाद, गाजीपुर, शाहदरा आदि जगहों पर जाम की स्थिति बनी रही।

**लगातार तीसरे साल सितंबर दूसरे दिन रहा ठंडा :** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार शाम से लेकर रात भर मूसलाधार बारिश हुई। ऐसे में लगातार तीसरे साल भी सितंबर दूसरे दिन ठंडा रहा। बीते तीन साल से न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा है। दूसरी ओर, मानसून का असर मंगलवार को भी देखने को मिला।

## बिगड़ सकते हैं हालात ! जलस्तर बढ़ने से लोहे का पुल किया बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को सतर्क रहने और नदी किनारे न जाने की अपील की है। मंगलवार सुबह से हर घंटे हथिनीकुंड बैराज से 1.5 से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जो बुधवार तक दिल्ली पहुंचने पर हालात और बिगाड़ सकते हैं। हालांकि, सीएम रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह तैयार है।






हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से 1,62,779 क्यूसेक, वजीराबाद बैराज से 1,38,980 क्यूसेक और ओखला बैराज से 1,73,632 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। आज सुबह 8 बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज (डफ्ह) पर यमुना का जलस्तर 206.83 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है।

जानकारी के लिए बता दें कि यमुना का जलस्तर देर रात 11 बजे 206.45 मीटर के पार पहुंच गया। केंद्रीय जल आयेग के मुताबिक देर रात हथिनीकुंड बैराज से 1.87 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बुधवार सुबह सात बजे तक इसके दिल्ली पहुंचने के बाद जलस्तर के 206.90 मीटर पहुंचने की आशंका है।

यमुना बाजार, बुराड़ी समेत कई इलाकों में भरा पानी...बुराड़ी, यमुना बाजार, एमनेस्टी मार्केट, तिब्बती बाजार, बासुदेव घाट जैसे इलाके पानी में डूब गए हैं। आईटीओ का छठ घाट भी पानी में डूब गया है। यमुना बाजार में सड़कों पर पानी भरा है। यमुना खादर, यमुना वाटिका, आसिता जैसे रिवर फ्रंट से जुड़े पार्कों में भी पानी भर गया है। खतरे की आशंका देखते हुए नदी किनारे जाने पर रोक लगा दी गई है और बड़े पैमाने पर झुग्गियां खाली करा दी गईं हैं। अधिकारियों ने बताया कि 4,500 लोगों को शिविरों में रखा गया है।

## सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली वालों से कहा

## 'घबराएं नहीं सरकार आपके साथ हर जरूरी मदद पहुंचाएंगे'



**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने से कई इलाकों में पानी फैल गया है। हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार (2 सितंबर) को खुद गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास बने राहत शिविर और पुराने लोहे के पुल का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने शिविर में ठहरे बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हर प्रभावित परिवार तक जरूरी मदद पहुंचाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राहत शिविरों में किसी भी व्यक्ति को भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवा और सुरक्षित आश्रय की कमी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य है।

सीएम ने बताया कि हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया अधिकतम पानी शाम तक दिल्ली पहुंचेगा, लेकिन फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में यमुना और नालों की सफाई का काम किया गया है, जिसका फायदा अब मिल रहा है। यमुना पर बने सभी बैराजों के गेट खोल दिए गए हैं और पानी बिना रुके आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना का फ्लड प्लेन पानी से भरना स्वाभाविक है, क्योंकि यह नदी का प्राकृतिक इलाका है।लेकिन शहर के बाहरी हिस्सों में पानी घुसने की आशंका नहीं है। उन्होंने साफ किया कि अभी पानी का स्तर रिकॉर्ड तोड़ने की स्थिति में नहीं है और दिल्लीवासियों को घबराने की जरूरत नहीं है।

### 'हर संभव मदद के लिए है तैयार'

इसी बीच मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बाढ़ की स्थिति पर पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी फोन पर बातचीत की। इनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में बाढ़ ने बड़े पैमाने पर जनजीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। दिल्ली सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद के लिए तैयार है।

गौरतलब है कि हर साल बरसात के मौसम में हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ता है।

**सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, सरकार हालात को नहीं देगी बिगड़ने**

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पंजाब के बाढ़ पीड़ितों से मिलेंगे

### कहा, पंजाब के किसान भाई-बहन बिल्कुल चिंता नहीं करें, केंद्र सरकार किसानों के साथ खड़ी है

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र की देशभर की स्थिति की समीक्षा की। राजधानी दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक में शिवराज सिंह ने विभिन्न राज्यों में हो रही बारिश की जानकारी भी ली। उन्होंने पंजाब के कुछ इलाकों में आई बाढ़ व फसलों पर इसके असर के बारे में भी वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी हासिल की। शिवराज सिंह ने कहा- पंजाब के किसान भाई-बहन बिल्कुल चिंता नहीं करें, केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदा के इस संकट में पूरी तरह प्रभावित किसानों के साथ खड़ी हुई हैं।





शिवराज सिंह ने कहा कि वे आगामी दिनों में पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का रूबरू जायजा लेने के साथ ही मौके पर पीड़ित किसानों से भी मिलेंगे और उन्हें हरसंभव मदद की जाएगी।बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने देशभर में कृषि क्षेत्र की स्थिति को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान बताया गया कि खरीफ बुवाई क्षेत्रफल में पिछले वर्ष के मुकाबले आशाजनक वृद्धि हुई है। खाद्यान्न फसलों के साथ ही बागवानी क्षेत्र की प्रगति के बारे में भी केंद्रीय कृषि मंत्री ने जानकारी ली। विशेषकर आलू, प्याज और टमाटर के उत्पादन की स्थिति और कीमतों के बारे में उन्होंने जानकारी हासिल की। बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न राज्यों में हो रही बारिश और जलाशयों की स्थिति के बारे में भी बताया, जिसमें कहा गया कि कई राज्यों में इस वर्ष औसत से अधिक बारिश हुई, जो फसलों के लिए लाभदायक स्थिति है। अच्छी बारिश से जलाशय लबालब हैं।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि खाद्यान्न फसलों के साथ ही किसानों को बागवानी सहित इंटीग्रेटेड फार्मिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसानों को अधिक लाभ हो सकें। भविष्य की मांग के मद्देनजर हमें खेतों में अनाज के साथ अन्य वैकल्पिक उपायों से कृषि क्षेत्र का समग्र विकास करना होगा। बागवानी और इंटीग्रेटेड फार्मिंग इस दिशा में कारगर उपाय है। उन्होंने इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल के किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देशित किया।

शिवराज सिंह चौहान ने एक बैठक में किसानों से कॉल सेंटर एवं अन्य पोर्टल्स के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों के समाधान के संबंध में समीक्षा की। बैठक में शिवराज सिंह ने अलग-अलग पोर्टल की जगह किसानों की सुविधा के लिए उनकी शिकायतों, सुझाव तथा अन्य सहायता के लिए एक ही समर्पित पोर्टल बनाने और समस्याओं का जल्द से जल्द समुचित निराकरण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि वे स्वयं नियमित रूप से किसानों से मिली शिकायतों की समीक्षा करेंगे, ताकि उन्हें त्वरित राहत प्रदान की जा सकें।

किसानों से प्राप्त शिकायतों व हेल्पलाइन नंबर पर आ रही कॉल्स को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान में कोई देरी नहीं होना चाहिए। शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के हित में सभी अधिकारी पूरी पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं संवेदनशीलता से काम करते हुए व्यवस्था को और सुदृढ करें। व्यवस्था ऐसी होना चाहिए, जिससे कि किसानों की शिकायतों का रीयल टाइम में उचित समाधान हो सकें।

हम सभी की कोशिश यहीं होना चाहिए कि किसान हर हाल में खुशहाल रहें और खेती समृद्ध हों।

## पीलीभीत में बाढ़ : शहर के कई मोहल्ले बने टापू

### बीसलपुर मार्ग पर पहुंचा देवहा का पानी, पूरनपुर में शारदा का कहर

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले में भले ही बारिश थम गई हो, लेकिन लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। शहर हो या गांव हर ओर बारिश और बाढ़ का पानी भरा है। रास्ते जलमग्न और खेतों में फसलें बर्बाद होने लगी हैं। लोग घरों और छतों पर फंसे हैं। देवहा नदी उफनाने से शहर और उससे सटे निचले इलाकों के हालात बिगड़ गए। टनकपुर हाईवे से लेकर निचले इलाके की कई कॉलोनी और अन्य इलाकों में दो से तीन फुट पानी भर गया। बुधवार को देवहा नदी का पानी पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर पहुंच गया। जिससे लोगों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उधर, पूरनपुर क्षेत्र में शारदा नदी का कहर जारी है।



**टापू बने बेनीचौधरी और नावकूड़ के कई घर :** देवहा और खकरा नदी का जलस्तर बढ़ने से सबसे अधिक असर शहर के मोहल्ला बेनीचौधरी व शहर से सटे नावकूड़, चंदोई गांव में देखा गया। बेनीचौधरी में देवहा नदी के किनारे बसे करीब 20 घर टापू बन गए। कुछ परिवारों को पुलिस-प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं कुछ लोगों ने घर की छतों पर शरण ली। नावकूड़ इलाके में भी करीब 50 घर पानी भरने से टापू बन गए। लोगों ने जरूरी सामान के साथ छतों की शरण ली।

शारदा और सहायक नदी जगबूड़ा कई गांवों में कहर बरपा रही है। पूरनपुर, कलीनगर, अमरिया, बरखेड़ा, बिलसंडा, मझोला आदि सभी इलाके प्रभावित हैं। बिगड़ते हालात को देख एसपी अभिषेक यादव, एडीएम ऋतु पूनिया और अन्य अफसर सड़कों पर उतरे और टीमों को अलर्ट किया। मोहल्ला बेनी चौधरी में फंसे लोगों को प्रशासन ने रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला।

**तेजी से हो रहा कटान :** शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ कटान की रफ्तार भी तेज हो गई है। कटान इतना तेज है कि कलीनगर तहसील क्षेत्र में बुधवार को स्पर संख्या 27 का आगे का हिस्सा ढह गया।

इस हिस्से को जाली में पत्थर बिछाकर मजबूती दी गई थी, लेकिन तेज बहाव ने इसे भी तोड़ दिया। वहीं स्पर संख्या 26, 27 और 28 के बीच लगातार कटान जारी है।

## बारिश का कहर: अमृतसर में घर की छत टूटी, मलबे में दबने से बच्ची की मौत

**अमृतसर।** पंजाब में बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। अमृतसर में बारिश से हलका बाबा बकाला में पड़ते गांव सठियाला में एक घर की छत गिर गई। छत के मलबे के नीचे दबने से एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं, परिवार के अन्य सदस्य भी बुरी तरह से जख्मी हो गए। जख्मी हालत में सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल जख्मी हुए लोगों का इलाज चल रहा है।



गांव में राजविंदर सिंह नाम का व्यक्ति मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। उनके घर की छत काफी जर्जर हो चुकी थी और लगातार हो रही बारिश के कारण कमजोर हो गई थी। मंगलवार को राजविंदर सिंह का परिवार घर में मौजूद था कि इसी दौरान हो रही तेज बारिश के कारण छत नीचे गिर गई और सभी मलबे के नीचे दब गए। लोगों ने सभी को मलबे से निकाला और अस्पताल ले गए लेकिन वहां पर बच्ची को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर विधायक दलबीर सिंह टौंग अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि इस दुख की घड़ी में सीएम मान की सरकार हरसंभव आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

**फरीदकोट में छत गिरने से मलबे में दबे परिवार को पड़ोसियों ने बचाया :** फिरोजपुर के सादिक के गांव दीप सिंह वाला में मंगलवार सुबह बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई। छत गिरने से एक ही परिवार के तीन सदस्य मलबे में दब गए। आसपास के लोगों ने कड़ी मेहनत कर तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में सभी को मामूली चोटें आईं। फरीदकोट इलाके में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश से कई घरों को नुकसान पहुंच रहा है।

**NAME CHANGED**

I,Yogendra Kumar S/O Mam Raj Singh R/O 390-A,Shakti Khand-1, Indirapuram,Ghaziabad,U P have changed my name to Yogender Kumar for all future reference.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# त्योहारों और परीक्षाओं में ट्रैफिक व्यवस्था रखी जाए चुस्त और दुरुस्त : पुलिस कमिश्नर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा गोष्ठी में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कई कड़े निर्देश जारी किए गए। आगामी त्यौहारों और पेट परीक्षा को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल, डायवर्जन प्लान और पार्किंग प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया।

**गणेश चतुर्थी व पेट परीक्षा पर खास नजर :** करंट क्राइम। 6 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर मूर्ति विसर्जन और 6-7 सितम्बर को पेट परीक्षा के दौरान शहर की सड़कों पर भीड़ अपेक्षित है। ऐसे में प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। श्रद्धालुओं और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए अस्थायी पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन होगा और डायवर्जन प्लान का व्यापक प्रचार किया जाएगा।

## नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान और सख्ती

करंट क्राइम। गोष्ठी में यह स्पष्ट किया गया कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। यदि कोई पेट्रोल पंप मालिक या कर्मचारी इस नियम का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ जिलाधिकारी और जिलापूर्ति अधिकारी के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।

**भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्थायी समाधान :** राजनगर एक्सटेंशन, अजनारा कट, रिवर हाइट गोल चक्कर और थाना साहिबाबाद के सामने अक्सर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए स्थलीय निरीक्षण कर नए व-टर्न बनाए जाएंगे और अनावश्यक कट बंद किए जाएंगे।

**अतिक्रमण हटाने की कड़ी कार्रवाई :** सड़कों को 100 प्रतिशत अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए बीएनएसएस की धारा 152 के तहत कार्रवाई और तेज की जाएगी। इसके लिए स्थानीय थानों और प्रशासनिक विभागों के साथ तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

**ई-रिक्शा और ऑटो को मिलेगी पहचान :** बढ़ते ई-रिक्शा और ऑटो संचालन को व्यवस्थित करने के लिए तीनों जोन में अलग-अलग रूट तय किए जाएंगे। प्रत्येक वाहन को यूनिक दफ्कोड और रंगीन स्टिकर दिया जाएगा। सभी मालिकों की जानकारी डिजिटल रूप से रिकॉर्ड की जाएगी।

**सोशल मीडिया से जनता तक पहुंच :** यातायात पुलिस के और फेसबुक पेज को अधिक सक्रिय किया जाएगा। यातायात से जुड़ी अपडेट्स और पुलिस के सराहनीय कार्य नियमित रूप से पोस्ट होंगे। पंपलेट, बैनर और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी आमजन को नियम पालन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**भविष्य के लिए डॉक्यूमेंटेशन :** त्यौहारों, परीक्षाओं और वीआईपी ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन के अनुभवों को लिखित रूप से रिकॉर्ड किया जाएगा, ताकि भविष्य में इन अनुभवों से सीख लेकर यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

### गाजियाबाद डीएम की जनसुनवाई में त्वरित कार्रवाई

# बुजुर्ग को घर से निकाले जाने पर दिलाया न्याय का भरोसा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की जनसुनवाई आम लोगों के लिए राहत लेकर आई। हर दिन की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएँ लेकर पहुंचे और डीएम ने सभी की बात ध्यान से सुनी। साहिबाबाद क्षेत्र के एक व्यक्ति ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर डीएम ने तुरंत एसएचओ को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। वहीं, मोदीनगर क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने हिण्डन किनारे श्मशान भूमि की समस्या उठाई। डीएम ने स्पष्ट किया कि इसके लिए बजट स्वीकृत है और एसडीएम मोदीनगर को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी कहा कि शिकायत मिलते ही मौके से ही निस्तारण की प्रक्रिया शुरू करें और शिकायत के समाधान के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, आईएएस अयान जैन और एसीएम राजेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने घर से निकाला, दर-दर भटक रहा हूं

करंट क्राइम। जनसुनवाई की सबसे मार्मिक घटना तब सामने आई जब एक बुजुर्ग पिता ने डीएम को बताया कि उसके ही बच्चों ने उसे पैतृक घर से बाहर निकाल दिया है और वह दर-दर भटक रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन कर बुजुर्ग को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों ने डीएम की इस संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# गाजियाबाद का हज हाउस बना 'निकाह स्थल'!



### बुकिंग पर बवाल, डीएम ने दिए जांच के आदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन किनारे बना आला हजरत हज हाउस, जो हज यात्रियों की सुविधा के लिए सपा सरकार के समय में तैयार हुआ था, अब विवादों में है। बंद पड़े इस हज हाउस में कथित तौर पर निकाह के लिए गुपचुप बुकिंग की जा रही है। आरोप है कि बुकिंग के नाम पर 30 से 40 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं और इसके एवज में कोई सरकारी रसीद तक नहीं दी जाती।

बुधवार को मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी रविंदर कुमार माँदड़ को ज्ञापन सौंपकर इस पर आपत्ति जताई। ज्ञापन में कहा गया कि हज हाउस जैसे धार्मिक स्थल पर विवाह समारोहों के दौरान अनुचित गतिविधियाँ होती हैं। आरोप है कि शादियों में शराब जैसी चीजों का सेवन किया जाता है, जिससे धार्मिक वातावरण दूषित होता है और हज हाउस की गरिमा पर चोट पहुंचती है।

कांग्रेस नेता नसीम खान ने कहा कि पिछले तीन साल से यहां निकाह के लिए अवैध बुकिंग का सिलसिला चल रहा है। उनके अनुसार, एक हाजी रहीमुद्दीन 30-35 हजार रुपये लेकर बुकिंग करता है, लेकिन न कोई सरकारी रसीद देता है और न ही पारदर्शिता रहती है। इससे संदेह होता है कि निचले स्तर के कुछ अधिकारी भी इस गोरखधंधे में शामिल हो सकते हैं। मुस्लिम समाज और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएम को अवगत कराया कि हज हाउस धार्मिक स्थल है, लेकिन यहां अनुचित गतिविधियाँ होना अस्वीकार्य है। विरोध जताने के साथ ही उन्होंने वहां सफाई अभियान भी चलाया और परिसर में फैली गंदगी को हटाया। डीएम रविंदर कुमार माँदड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम सिटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

ज्ञापन देने वालों में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष कपिल यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सूफी कल्लू कुरैशी, याकूब अली, एहसान अली, गाजियाबाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा गौतम, मुरादनगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंबुज शर्मा और जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आरिफ सैफी शामिल रहे।

# राधेश्याम पार्क ले-आउट प्लान में गड़बड़ी का आरोप
## जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने जांच की मांग की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने राधेश्याम पार्क, राजेंद्र नगर से जुड़ा गंभीर मामला उठाते हुए कहा है कि यहां का ले-आउट प्लान संदिग्ध परिस्थितियों में जीडीए पोर्टल से लगभग 12 साल पहले गायब हो गया था।




गोयल का कहना है कि ले-आउट प्लान न होने के कारण भू-स्वामी अपने प्लॉट का नक्शा पास नहीं करा पा रहे थे, जिसके चलते उन्होंने मजबूरी में अपने प्लॉट सस्ते दामों पर बेच दिए। आरोप है कि ये प्लॉट एक ही समूह ने खरीदे और जैसे ही बिक्री पूरी हुई, अचानक राधेश्याम पार्क का ले-आउट प्लान फिर से जीडीए पोर्टल पर दिखने लगा।

पवन गोयल ने इसे ह्लगंभीर अनियमितता और संभावित घोटालाह्व बताते हुए जीडीए आयुक्त/अध्यक्ष से इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह मामला न केवल पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है बल्कि आम भू-स्वामियों को भी भारी आर्थिक नुकसान पहुँचाने वाला है।

# नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह स्थगित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम कर्मचारी संघ, गाजियाबाद (पंजीकरण संख्या-9495) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह, जो 4 सितम्बर 2025 (गुरुवार) को अपराह्न 3 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर गाजियाबाद में प्रस्तावित था, अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।



मुख्य चुनाव अधिकारी ब्रजमोहन सिंहल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के नए कार्यक्रम की तिथि शीघ्र ही घोषित कर दी जाएगी और इसकी सूचना सभी संबंधितों को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने पदाधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों से अपील की है कि वे नई सूचना तक प्रतीक्षा करें।

# विदेशी सामान का बहिष्कार कर देश को आत्मनिर्भर बनाओ : केके शर्मा

### 'हर रुपया जो विदेशी वस्तुओं पर खर्च होता है, वह हमारी अर्थव्यवस्था को खोखला करता है'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोशल चौकीदार ट्रस्ट के संस्थापक केके शर्मा ने कहा है कि अब समय आ गया है जब देश की जनता विदेशी वस्तुओं को पूरी तरह त्यागकर स्वदेशी अपनाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को जन-जन तक पहुँचाना हर भारतीय का कर्तव्य है। यदि भारतीय कंपनियों के सामान का प्रयोग बढ़ेगा तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और विदेशी कंपनियों पर निर्भरता घटेगी।



### 7 सितम्बर को जागरूकता रैली का होगा आयोजन

करंट क्राइम। शर्मा ने कहा कि भारत की जनता संकल्प ले कि विदेशी वस्तुएँ नहीं खरीदी जाएँगी, तभी देश की तरक्की सुनिश्चित होगी। इसी उद्देश्य से सोशल चौकीदार ट्रस्ट की ओर से 7 सितम्बर को दोपहर 12 बजे कविनगर रामलीला मैदान से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली एच-ब्लॉक और क्लॉथ मार्केट होते हुए मुख्य रोड पर समाप्त होगी। शर्मा ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल हों और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का संदेश घर-घर तक पहुँचाएँ।

# किसानों ने बिल्डर पर उठाए सवाल
# 36 दिन से धरना जारी




**गाजियाबाद/ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया कि क्षेत्र में निर्माण कर रही एक बड़ी रियल एस्टेट कंपनी ने न तो सरकार के अनुबंधों का पालन किया और न ही खरीदारों तथा गरीब परिवारों के साथ न्याय किया।

यूनियन का कहना है कि कंपनी को जब सोसाइटी निर्माण के लिए जमीन आवंटित की गई थी, तब अनुबंध में गरीब परिवारों के लिए ईडब्ल्यूएस आवास बनाना अनिवार्य था, लेकिन किसी भी सोसाइटी में यह व्यवस्था नहीं की गई। इसके साथ ही लेबर शेष जमा न करने, कर चोरी और सोसाइटी निर्माण में ब्लैक मनी के इस्तेमाल जैसे आरोप भी लगाए गए।

यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके संगठन का लगभग 5.72 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक लंबित है, जिसके लिए बार-बार आग्रह के बावजूद समाधान नहीं हुआ। संगठन ने यह भी कहा कि पिछले दो दशकों में कंपनी की संपत्ति में हुई अचानक वृद्धि की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

यूनियन का धरना 30 जुलाई से सिद्धार्थ विहार स्थित एक आवासीय परियोजना स्थल पर जारी है, जिसे अब 36 दिन हो चुके हैं। आरोप है कि धरने को समाप्त कराने के लिए आंदोलनकारियों की पानी और बिजली की आपूर्ति तक बंद कर दी गई है। चारों ओर पानी भरने और मच्छरों के प्रकोप से कई कार्यकर्ता बीमार हो चुके हैं। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी कार्यकर्ता की जान गई तो इसकी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

संगठन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर यह भी बताया कि गाजियाबाद और नोएडा की कई आवासीय परियोजनाओं में गरीबों के लिए आवंटित मकान नहीं दिए गए। सिद्धार्थ विहार की एक बहुमंजिला परियोजना में लगभग 1250 फ्लैट बनाकर कब्जा दे दिया गया, लेकिन किसी की भी रजिस्ट्री नहीं कराई गई, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने मांग की कि मामले की जांच सीबीआई, ईडी, आयकर और जीएसटी विभाग से कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# धरती और उसके साधनों पर सभी जीवों का समान अधिकार है : बालेश्वर त्यागी

**अगर पृथ्वी से सारे कीड़े-मकोड़े समाप्त हो जाएं तो 6 माह में मानव भी समाप्त हो जाएगा।**

**जंगल में हर जीव किसी न किसी का भोजन है, वहाँ सब कुछ नियमबद्ध है।**

**प्रकृति में हर व्यवस्था का एक कारण है, चाहे जीव हों, पदार्थ हों या ग्रह-नक्षत्र।**

**प्राकृतिक आपदाएँ इंसानों की असंतुलित गतिविधियों का परिणाम हैं, न कि प्रकृति का प्रकोप।**

**जब मनुष्य अन्य प्राणियों के अस्तित्व को मिटाता है तो यह उसकी क्रूरता है और उसी का परिणाम विध्वंस के रूप में सामने आता है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक दिन जब मैने कुत्तों के संबंध में एक पोस्ट लिखी तो एक सज्जन ने कहा कि ये दुनिया केवल इंसान के लिए नहीं बनी है। इस धरती पर इस धरती के साधनों पर जितना इंसान का हक है उतना ही हक इस धरती के सभी जीवों का है। बात तो सच ही है। हम अपने हित में प्रकृति के सभी जीवों को उसी प्रकृति ने बनाया है जिसने हमें बनाया है, ये स्वीकार करने को तैयार नहीं होते। एक लेख में मैने पढ़ा था कि अगर पृथ्वी के सारे कीड़े मकोड़े समाप्त हो जाएं तो उसके छः माह में पृथ्वी के सारे मानव समाप्त हो जाएंगे। पृथ्वी के सारे जीव जंतु एक दूसरे पर आश्रित हैं। एक दूसरे के जीवन को संरक्षित भी करते हैं और जीवन को हानि भी पहुंचाते हैं।

एक बार जिम कार्बेट पार्क जाने का अवसर मिला। वहां कई पेड़ गिरे पड़े थे, उन्हें दीमक खा रही थी। लेकिन उन्हें वन कर्मियों द्वारा उठाया नहीं गया था। मुझे कुछ आश्चर्यजनक लगा कि इस वृक्ष की उपयोगी लकड़ी को क्यों नहीं उठाया गया है। पूछने पर वहां के कर्मियों ने बताया कि ये दिमकों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए ही नहीं उठाया गया है। ये बात जानकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि दीमक हाथी का प्रिय भोजन है। जंगल का प्रत्येक प्राणी किसी न किसी जीव का भोजन है। उसकी एक ही नियति है कि उसे किसी जीव का भोजन बनना है।

जहां नियमों के विरुद्ध कार्य होते हैं, हम उसे जंगल राज्य कहते हैं। लेकिन जंगल में सब नियम बद्ध है। प्रकृति में जो कुछ भी है उसका एक उचित कारण है। बिना कारण के कुछ भी नहीं है। सारी व्यवस्था नियम बद्ध है। तभी तो ग्रहों की गति तक की गणना करना संभव है। जीव तो छोड़ो पदार्थों तक के अपने नियम हैं। दो पदार्थो के मिलने से क्या प्रतिक्रिया होगी ये निर्धारित है। तभी तो वैज्ञानिक विभिन्न पदार्थों को मिलाकर कोई कंपाउंड तैयार करते हैं और उन कंपाउंडो का दवा के रूप में उपयोग करके डाक्टर बीमारियों का इलाज कर पाते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के भी कारण हैं। आपदाएं प्रकृति के प्रकोप नहीं हैं, वे मानव द्वारा किए गए असंतुलित कार्यों का परिणाम है। जंगल में प्रकृति का शासन है। लेकिन बस्तियों में मानव की व्यवस्था चलती है।वह अपने संरक्षण के लिए जो व्यवस्था बनाए उतने तक तो ठीक है लेकिन जब वह दूसरे प्राणियों के अस्तित्व को समाप्त करने के प्रयास करता है, यह उसकी क्रूरता है। प्रकृति की व्यवस्था में हस्तक्षेप है। इस मानवीय हस्तक्षेप के कारण ही मानव को प्रकृति का रौद्र रूप झेलना पड़ता है। तो उसकी क्रूरता प्रकट होती है।प्रकृति में अपना संतुलन है। जब कोई अति करता है तो उसे विध्वंश झेलना पड़ता है। इतिहास के एक विद्यार्थी ने बताया कि जब मुर्गा मकानों की छतों छतों पर चलकर इंद्रप्रस्थ से हस्तिनापुर तक पहुंच जाता था तभी महाभारत होता है। प्रकृति के अपने नियम हैं।

### गाजियाबाद होगा नशा मुक्त!

# युवाओं को बचाना प्राथमिकता, ड्रग माफियाओं पर कसेगा शिकंजा : डीएम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'नशा युवाओं का भविष्य निगल रहा है, और इसे हर कीमत पर रोकना होगा' यही सख्त संदेश बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक में दिया। महात्मा गांधी सभागार में हुई इस बैठक में डीएम ने कहा कि जनपद में ड्रग्स की तस्करी, बिक्री और खरीद-फरोख्त के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग से तस्करों की गिरफ्तारी और बरामद नशे के सामान के निस्तारण की जानकारी ली और चेतावनी दी कि कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा।


शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# मिक्स्ड सिग्नल

पूरी दुनिया में जब चीन से आए पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शी चिनफिंग के बीच की केमेस्ट्री दिखाती तस्वीरों का विश्लेषण हो रहा है, तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत-अमेरिकी संबंधों को संभालने की कोशिश की है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का यह बयान भी सकारात्मक संदेश देता है कि ट्रेड डील के लिए अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है। टाइमिंग महत्वपूर्ण टैरिफ पर अड़ियल रुख के बावजूद ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन में ऐसे लोग हैं, जो अमेरिका के लिए भारत के रणनीतिक महत्व को समझते हैं। मार्को रुबियो उनमें से एक हैं। उनका बयान ही नहीं, उसकी टाइमिंग भी अहम है। जिस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते को एकतरफा बताया, उसी दिन रुबियो ने इस साझेदारी को 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता करार दिया। उन्होंने दोनों देशों की जनता के बीच बनी मित्रता को इंडिया-वर पार्टनरशिप का आधार बताकर हाल में आई कटुता को दूर करने का प्रयास किया है।

पुरानी आदत ट्रंप की छवि ऐसे राजनेता की बन चुकी है, जिसकी नीतियां अस्थिर हैं और जो व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर बदलती रहती हैं। अपने पहले कार्यकाल में भी ट्रंप ने कई ऐसे बयान दिए थे, जिनके बारे में बाद में वाइट हाउस को सफाई देनी पड़ी। भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर मसले पर मध्यस्थता का प्रस्ताव हो या अमेरिकी चुनाव में दखल के मामले में रूस को क्लीनचिट देना - ट्रंप ने अपने विदेश विभाग को कई बार असमंजस में डाल दिया था।

अलग रुख अगर मौजूदा हालात को देखें, तो अब भी कुछ वैसा ही होता दिख रहा है। ट्रंप का रवैया बातचीत के सारे रास्ते बंद करने का है, लेकिन अमेरिकी रणनीतिकार जानते हैं कि इससे चीजें और बिगड़ जाएंगी। वैसे भी पश्चिमी मीडिया पीएम मोदी की चीन यात्रा और वहां पूतिन से उनकी मुलाकात को अमेरिकी डिप्लोमैसी के लिए बड़े झटके के रूप में देख रहा है।

संयुक्त अभ्यास हालांकि भारत ने कभी संवाद का रास्ता बंद नहीं किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का बयान इसका सबूत है। दुनियाभर में कारोबारी रिश्तों का विस्तार करने के बावजूद नई दिल्ली ने वॉशिंगटन के साथ पुराने संबंधों को नहीं छोड़ा है। इस कड़ी में यह भी अहम है कि दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त अभ्यास के लिए अलास्का में जुटी हैं। बातचीत जारी रहे भारत और अमेरिका ने दो दशकों की मेहनत के बाद अपने संबंधों को यह ऊंचाई दी थी। इस दौरान यह द्विपक्षीय रिश्ता कभी तीसरे देश को देखकर निर्धारित नहीं हुआ। ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन को यह बात समझते हुए बातचीत के रास्ते खुले रखने चाहिए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जीरो (0) अकेला ऐसा अंक है जिसे हम रोमन में नहीं लिख सकते।
- 555 को थाईलैंड में 'हाहाहा' के तौर पर प्रयोग किया जाता है क्योंकि 'फाइव' का उच्चारण वहां 'हा' होता हैं।
- जीरो एक सम संख्या हैं। झींगे का खून किसी भी रंग का नहीं होता पर जब खून बाहर निकलता है तो ऑक्सीजन गैस के साथ मिलकर नीले रंग में परिवर्तित हो जाता हैं।
- 259X39Xआपकी उम्र = तीन बार आपकी उम्र।
- 2520 ऐसा सबसे छोटा अंक है जो 1 से लेकर 10 तक के सभी अंको से पूरा डिवाइड हो सकता हैं।
- अगर एक जगह पर 23 आदमी खड़े है तो उनमें से 2 का जन्मदिन मिलने की संभावना 50% हैं।
- 21978 को 4 से गुणा करने पर उत्तर इस संख्या का उल्टा 87912 आयेगा।
- स्कूल के समय में 74% लड़कियाँ विज्ञान, तकनीकी इंजीनियर और गणित में अपनी रूचि दिखाती है लेकिन कॉलेज के टाइम पर सिर्फ 0.4% लड़कियाँ ही कंप्यूटर लेती हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज व्यापार के क्षेत्र में बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों से संपर्क फायदेमंद रहेगा। व्यवसायियों को साझेदारी या सहयोग से लाभ मिल सकता है।

**वृष:** आज जो सोचा था वो सारे काम पूरे होंगे। दिन अच्छा बीतेगा। किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। शादीशुदा लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**मिथुन:** अगर आज आपको किसी का राज पता चल गया है तो वो बातें किसी को न बताएं. आज भौतिक सुखों का विस्तार होगा। संतान से शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क:** आपके वरिष्ठ आपके साहस को तोड़ने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपको लक्ष्य पर केंद्रित रहना होगा। आपको अपने पिता और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** आर्थिक मामलों में समझदारी से काम लें। कार्यस्थल पर जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। व्यापार में नई परियोजनाओं से लाभ हो सकता है।

**कन्या:** पूरा दिन मौज मस्ती में बीतेगा। आकस्मिक धन की प्राप्ति हो सकती है। आपको भूमि, अचल संपत्ति या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला:** आज आपके रुके हुए काम में तेजी आ सकती है. आपको व्यापार में वृद्धि और व्यापार में सुधार के अवसर दिखाई देंगे। आप आर्थिक रूप से सुरक्षित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतर पाएंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु:** आज आप किसी पुराने मित्र या परिवार के साथ सैर-सपाटे या बातचीत के लिए बाहर जाने का आनंद लेंगे। आज कोई नया प्रयोग शुरू करना अच्छा विचार नहीं रहेगा।

**मकर:** व्यापार की दृष्टि से नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को रूप देने के लिए यह समय अनुकूल है। कार्य संबंधी यात्राएं आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**कुंभ:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपकी रचनात्मकता से लोग प्रभावित होंगे।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आज आपको मान सम्मान मिलेगा। व्यापारियों को आज अधिक लाभ होगा। पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# जीएसटी परिषद के फैसलों से पहले बाजार में हरियाली सेंसेक्स 409 अंक चढ़ा, निफ्टी 24700 के पार




**नई दिल्ली।** बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 409.83 अंक उछलकर 80,567.71 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.45 अंक की बढ़त के साथ 24,715.05 पर बंद हुआ। जीएसटी परिषद के फैसलों से पहले निवेशकों ने बाजार पर भरोसा जताया। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक या 0.51 प्रतिशत उछलकर 80,567.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 666.68 अंकों के उतार-चढ़ाव के साथ 80,671.28 के उच्च स्तर और 80,004.60 के निम्न स्तर तक गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.45 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,715.05 पर आ गया। रुपये में हुई नौ पैसे की बढ़त अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से 9 पैसे सुधरकर 88.06 (अनंतिम) पर बंद हुआ। सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और कमजोर डॉलर सूचकांक के कारण बुधवार को यह सुधार देखने को मिला। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार शुल्क चिंताओं के कारण विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है।

जीएसटी परिषद की दो दिवसीय बैठक नई दिल्ली में हो रही है। इसमें कर दरों को घटाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत करने के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 68.09 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत गिरकर 68.09 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील में सबसे अधिक 5.90 प्रतिशत की तेजी आई। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं इंफोसिस, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टीसीएस, अडानी पोर्ट्स और भारती एयरटेल पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### जीएसटी परिषद के फैसलों पर निवेशकों की नजर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सत्र की मिश्रित शुरूआत के बाद भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। यह संभावित जीएसटी स्लैब युक्तिकरण से उपभोग-आधारित प्रोत्साहन की उम्मीदों से प्रेरित था। निकट भविष्य में बाजार की धारणा जीएसटी परिषद की बैठक के नतीजों पर निर्भर करेगी, जिसमें उपभोग आधारित शेयरों और क्षेत्रों पर जोर रहेगा।

# बिस्किट, चिप्स, टीवी, फ्रिज से कार तक होंगे सस्ते परिषद की बैठक में मंथन जारी

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक जारी है। दो दिनों तक चलने वाली बैठक के फैसलों का एलान 4 सितंबर को होना है। इस बैठक में केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हो रहे हैं। इस बार का बैठक काफी अहम है। इस बैठक में जीएसटी परिषद के सदस्य आठ साल पुराने जीएसटी कर ढांचे में बड़े बदलावों पर चर्चा कर रहे हैं।



परिषद् सरकार ने जीएसटी की दरों में अब तक की सबसे बड़ी कटौती का प्रस्ताव रखा है। सरकार के इस फैसले का मकसद अमेरिका की ओर से लगाए गए 50% टैरिफ के कारण पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू स्तर पर मांग को बढ़ावा देना है। इससे पहले फरवरी में आयकर के दायरे में बड़ा बदलाव किए जाने के बाद अब वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ी कटौती होने से देश में खपत बढ़ने की उम्मीद है।

### हेयर ऑयल से छोटी कारों तक- 400 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाने के लिए होगी चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान इसका करों से जुड़ा पैनल हेयर ऑयल से लेकर छोटी कारों तक लगभग 400 से अधिक वस्तुओं पर कर कटौती की योजना पर फैसला करेगा। रॉयटर्स ने ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी के पार्टनर मनोज मिश्रा के हवाले से बताया है कि अमेरिकी टैरिफ के कारण कपड़ा, ऑटो और संभवतः फार्मास्यूटिकल्स के निर्यात पर असर पड़ रहा है। ऐसे में भारत को प्राथमिक विकास इंजन के रूप में घरेलू खपत पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

# अमेरिका से टैरिफ विवाद के बीच भारत ने रूस से तेल की खरीदारी कम की



**नई दिल्ली।** ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी टैरिफ विवाद के बीच भारत में आने वाले रूसी तेल में एक-तिहाई की कमी आई है। इसके बावजूद रूस के कच्चे तेल निर्यात में दोबारा तेजी देखने को मिली है। चीन ने इस वृद्धि में बड़ी भूमिका निभाई है। रूस के कच्चे तेल निर्यात में फिर से तेजी देखने को मिल रही है। इसमें चीन ने अहम भूमिका निभाई है। चीन ने अपनी खरीदारी बढ़ा दी है। यह उछाल ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी तेल आयात को लेकर भारत पर दंडात्मक शुल्क लगा दिया है। इसने दक्षिण एशियाई देश की ओर जाने वाले रूसी तेल के प्रवाह को प्रभावित किया है। ट्रंप ने भारत के रूसी तेल खरीदने पर आपत्ति जताते हुए टैरिफ को दोगुना कर 50% कर दिया है। इस कदम का असर भारत की ओर जाने वाले रूसी कच्चे तेल पर साफ दिख रहा है।

### भारत में रूसी तेल आयात एक-तिहाई कम हुआ

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की ओर जाने वाले रूसी तेल का प्रवाह अगस्त 31 तक खत्म हुए चार हफ्तों में औसतन 1.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन से नीचे रहा। यह मार्च में दर्ज हालिया उच्चतम स्तर से करीब एक-तिहाई कम है। यहां तक कि अगर उन टैंकरों का पूरा तेल, जिनकी मंजिल अभी तय नहीं हुई है, भारत पहुंच भी जाए, तब भी यह प्रवाह मार्च के शिखर स्तर से लगभग 5.5 लाख बैरल प्रतिदिन या 28% कम रहेगा।

### चीन में विपरित स्थिति

वहीं, चीन जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह पांच महीने के उच्चमत स्तर 1.28 मिलयन बैरल प्रतिदिन पर पहुंच गई है। रूसी बंदगाहों से कच्चे तेल के निर्यात में हुई उल्लेखनीय वृद्धि इस बीच रूसी बंदरगाहों से कुल साप्ताहिक कच्चे तेल की खेप 770,000 बैरल प्रतिदिन बढ़कर 3.49 मिलियन बैरल पर पहुंच गई। यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर है, जो पिछले सात दिनों के असामान्य रूप से निम्न स्तर से उबर रही है। ब्लूमबर्ग की संकलित टैंकर-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, इस उछाल ने चार सप्ताह के औसत कच्चे तेल की मात्रा को बढ़ा दिया है।

## चुटकुले

पति - सुनो, रात भर मोबाइल चार्जिंग पर मत लगाना,
बैटरी फट जाएगी।
पत्नी - आप चिंता ना करें,
मैं बैटरी निकाल कर चार्जिंग पर लगाऊंगी।

---

खरगोश बम लेकर चिड़ियाघर में घुस गया,
और जोर से चिल्लाया, तुम सबके पास यहां से निकलने के लिए केवल एक मिनट का टाइम है।
उसकी बात सुनकर कछुआ बोला -
वाह रे खरगोश, सीधे बोल ना कि मैं ही टारगेट हूं।
बचपन की हार का बदला लेने आया है।

---

टीचर - बताओ चांद पर पहला कदम किसने रखा था?
छात्र - नील आर्मस्ट्रोंग ने।
टीचर - दूसरा कदम किसने रखा था?
छात्र - दूसरा भी उसी ने रखा होगा।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 04 09 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



इस्मिता (गायिका) | हर्ष | महेनूर | हितवीक बाना | अद्विक पंडित

आरव चौहान | अभिराज चौधरी | आरव कौशिक | प्रीति गौतम | शुभरत्ना निगम

सीमा निगम | पूजा जामवाल मेहरा | लीलू प्रधान | पकंज चौधरी | राहुल पंडित

विपिन नागर | यश ठाकुर | आलोक शर्मा | आदित्य राज सिंह | विभोर बंसल

कृष्ण पंड़ित | टिंकू सिंह | गोपाल पाल | कृष्णपाल | देवाशीष दत्त | गौरव

गौरव | देबाशीष दत्त | नवनीत यादव | कपिल मुनि | रजत राणा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी को श्रद्धांजलि देने के बाद कांग्रेस ने की मासिक बैठक, कई दलों के कार्यकर्ता पार्टी में शामिल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सेंट्रल मार्केट पुराना बस अड्डा कार्यालय में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कमला पति त्रिपाठी की जयंती मनाई गई। इह मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कहा कि कमलापति त्रिपाठी ने प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाई थी। वे 4 अप्रैल, 1971 से 12 जून, 1973 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 1973 से 1978, 1978 से 1980 और 1985 से 1986 में वे राज्यसभा के सदस्य थे। वर्ष 1980 1984 तक वे लोक सभा के सदस्य थे। वे 1975 से 1977 के बीच रेलवे के केंद्रीय मंत्री थे।

स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी को श्रद्धांजलि देने के बाद मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बूथ और ब्लॉक अध्यक्षों से बातचीत की गई। गठित की गई कमेटियों के बारे में संक्षिप्त वार्ता हुई। कमेटिओं के कार्यों में आ रही समस्याओं से जिला अध्यक्ष को अवगत कराया गया। इस मौके पर दूसरे दलों के सदस्यों ने



कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष ने 8 ऐसे कार्यकताओं को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। आम आदमी पार्टी से कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डसना के अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी जे के गॉड व, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, सतीश त्यागी, वरिष्ठ कांग्रेस पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक, कोऑर्डिनेटर गाजियाबाद राजकुमार पंडित, पूर्व पार्षद सुनील चौधरी, अनवर कुरैशी, अनीश पंडित, सुरेंद्र शर्मा, आसिफ सैफी, जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, अश्वनी त्यागी कोषाध्यक्ष, आशुतोष गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, सुशील शर्मा अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, लज्जा यादव, कार्तिकेय कौशिक, चतरे जाटव, लालमन पाल, राजकुमार शर्मा, सौरभ त्यागी, सुरेंद्र शर्मा, डॉ बाबूराम आर्य, नईमुद्दीन खान, मोइनुद्दीन खान, रियाज अहमद, सुनील शर्मा, रिजवान मलिक, सविता गौतम, राय सविता जैसवाल, रूबी मलिक, अलीमुद्दीन कसर, विनोद शर्मा, वीरेंद्र चौधरी, कुलदीप कुमार, राजीव शर्मा, ममता सिंह बीना मुल्तानी जो आम आदमी पार्टी से आई हैं जयवीर सिंह मोहम्मद अय्यूब कुरैशी एहसान अरमान रियाज





राकेश लोधी, विजय सिंह तोमर बाबूराम, उदय सिंह पाल, सतीश त्यागी, शाहिद चौधरी, लज्जा यादव, दीपशिखा, आशा ठाकुर, ताहिर तोमर, नाम त्यागी, डॉक्टर पप्पू चौहान, धीरेंद्र ध्यान, असलम, रविंद्र गोस्वामी आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कारोबारी खुद से गड्ढे भरवा रहे, निगम की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे कारोबारी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद जीटी रोड स्थित पाइप मार्केट के कारोबारियों को निगम की अनदेखी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कारोबारियों का आरोप है कि निगम ने समय रहते जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं कराई, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। मजबूरी में कारोबारी खुद ही सड़क मरम्मत का जिम्मा उठा रहे हैं।





कारोबारी रोजाना लगभग 15 ट्रॉली मलबा डलवाकर गड्ढों को भर रहे हैं ताकि ग्राहक और वाहन आसानी से बाजार तक पहुंच सकें। पाइप मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामनिवास बंसल का कहना है कि निगम को कई बार शिकायत की गई, लेकिन आज तक स्थायी समाधान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 25 सालों से मार्केट में सड़कों का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। मजबूरी में उन्हें अपनी जेब से खर्च कर सड़क ठीक करनी पड़ रही है।

कारोबारियों की मांग है कि निगम जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कर स्थायी समाधान करे, ताकि बारिश में दोबारा गड्ढे न बनें और लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। कारोबारियों का कहना है कि निगम को बार-बार शिकायत देने के बाद भी न तो मरम्मत का स्थायी समाधान किया गया और न ही भविष्य के लिए कोई योजना बनाई गई।

# गणेश विसर्जन पर 5 से 7 सितंबर तक विशेष यातायात डायवर्जन व्यवस्था

## श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणेश विसर्जन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष डायवर्जन योजना लागू की है। यह व्यवस्था 5 सितंबर 2025 प्रातः 6 बजे से 7 सितंबर 2025 दोपहर 2 बजे तक प्रभावी रहेगी।




यातायात पुलिस के अनुसार दिल्ली, हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मुरादनगर गंगनहर, हिंडन घाट और रोलिंका सिटी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करेंगे। इस कारण गाजियाबाद में भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों एवं बसों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

### यातायात व्यवस्था इस प्रकार रहेगी–

- मेरठ से आने वाले सभी भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बसें मुरादनगर गंगनहर की ओर नहीं जा सकेंगी। ऐसे वाहन दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे होकर हापुड़ मार्ग से निकलेंगे।
- मोदीनगर से आने वाले वाहनों का प्रवेश भी गंगनहर मुरादनगर की ओर प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन हापुड़ मार्ग होकर गंतव्य तक जाएंगे।
- एनएच–58, एआईटी और मेरठ–नानू मार्ग से आने वाले भारी वाहन गंगनहर मुरादनगर नहीं जा सकेंगे।
- पाइपलाइन मार्ग व टीला मोड़ से आने वाले वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल का उपयोग कर डासना से निकलेंगे।
- लोनी, भोपुरा और सीमापुरी बॉर्डर से आने वाले भारी वाहन गाजियाबाद शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इन्हें रोड नं. 56 (चौधरी चरण सिंह मार्ग) से होकर यूपी गेट होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–09 का प्रयोग करना होगा।
- यातायात पुलिस ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर इस व्यवस्था में संशोधन किया जा सकता है। आमजन से अपील है कि असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

# शहीद नगर के मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क बदहाल पार्षद ने की निर्माण की मांग







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर से अप्सरा बॉर्डर तक जगह-जगह सड़क बदहाल हो चुकी है। वहीं मेट्रो शहीद नगर मेट्रो स्टेशन शनि मंदिर के आसपास की दोनों साइड की सड़कें बदहाल हो चुकी हें जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। पूर्व पार्षद मोहम्मद कलाम ने मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क निर्माण की मांग की है, क्योंकि इस क्षेत्र में रोजाना जाम की समस्या उत्पन्न होती है। पार्षद का कहना है कि सड़क निर्माण से न केवल जाम की समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को भी सुविधा होगी। शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क निर्माण से जाम की समस्या का समाधान हो सकता है, क्योंकि इससे यातायात को सुचारु रूप से चलने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को भी सुविधा होगी और वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकेंगे। मोहन नगर से अप्सरा बॉर्डर तक कई मेट्रो स्टेशन के नीचे एक तरफ की सड़क बदहाल है। पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार प्रशासन को की है लेकिन जो शनि मंदिर है, उसके आसपास तो दो फीट तक पानी भर जाता है जिसमें वाहन चालकों को भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# वोट अधिकार को लेकर युवा कांग्रेस में साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में चलाया हस्ताक्षर अभियान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** युवा कांग्रेस की ओर से बुधवार को साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में वोट अधिकार के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पारस शुक्ला के निर्देश पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कपिल यादव के नेतृत्व में कई स्थानों पर युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने वोट अधिकार को लेकर लोगों से हस्ताक्षर कराए। इस मौके पर कांग्रेस युवा के जिला अध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि मोदी सरकार वोट चोरी करके सरकार बनाने का काम करती है। ये विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तथ्य और सबूत के साथ साबित किया है। राहुल गांधी बहुत जल्द दूसरा लोकसभा का सबूत देने जा रहे है। हो सकता है वो लोकसभा बनारस हो और प्रधानमंत्री के परिणाम का खुलासा होने के बाद सब चौक जाएंगे।

हस्ताक्षर अभियान में आशिफ इकबाल रंगरेज प्रवक्ता युवा कांग्रेस मोहम्मद आरिफ जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद, इमरान सैफी महासचिव आमिर सैफी महासचिव यूथ कांग्रेस आबिद सैफी महासचिव फिरोज सैफी आस मोहम्मद इस्लाम अजर सैफी शहाबुद्दीन तैयब हिमायू संदीप कारण राहुल अंकुर पवन वंश पाल, आदि मौजूद रहे।

# जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के चार अधिवक्ताओं को इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्टिस लंदन ने सदस्य चुना




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंटरनेशनल कौंसिल ऑफ ज्यूरिस्टिस लंदन ने जोनल टैक्स बार एसोसिएशन मुरादाबाद के सदस्य एडवोकेट राजदीप गोयल, वैभव गुप्ता, अनुज गुप्ता एवं दीपक गुप्ता एडवोकेट को विशिष्ट सदस्य के रूप में वर्ष 2025 से 2030 तक के लिए नामित किया है। यह सम्मान विधिक क्षेत्र में दीर्घकालिक योगदान एवं समाज सेवा के लिए प्रतिबद्धता एवं न्यायिक दृष्टिकोण में समझ को ध्यान में रखकर दिया गया है। इसकी घोषणा ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं इंटरनेशनल कौंसिल ऑफ ज्यूरिस्टिस लंदन के अध्यक्ष डॉ आदिश सी अग्रवाला, निदेशक सारा जे मार्चिंगटन एवं जनरल सेक्रेटरी यूथ चैप्टर इंडिया अनिमेष मित्तल एडवोकेट ने की। संस्था के अध्यक्ष, निदेशक तथा अनिमेष मित्तल अधिवक्ता जो कि आगामी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में सदस्य पद के प्रत्याशी हैं, का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर जोनल टैक्स बार एसोसिएशन मुरादाबाद की नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा एवं महासचिव दीपक अग्रवाल सहित उनकी समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का अनिमेष मित्तल ने आभार जताया है।

----------------

# बद्री विशाल सिंह को बनाया गया समाधान शक्ति संस्था का जिलाध्यक्ष

## प्रदेश अध्यक्ष पप्पू पहलवान ने सौंपी जिम्मेदारी

**गाजीपुर, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति संस्था द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता बद्री विशाल सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बद्री विशाल सिंह को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद का अध्यक्ष मनोनीत किया है। पप्पू पहलवान ने कहा कि बद्री विशाल सिंह द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही गाजीपुर में संस्था को मजबूती करने के साथ लोगों को इससे जोड़े जाने को कहा है। बद्री विशाल सिंह ने संस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए पप्पू पहलवान का आभार जताया और उन्हें भरोसा दिया कि वह समाधान शक्ति संस्था की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएंगे और इसके माध्यम से सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।



# 23 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग के खाते से निकाल लिए 44 लाख रुपए

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में साइबर क्राइम का एक बडा मामला सामने आया है। पिछले 23 दिनों से एक बुजुर्ग व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर 44 लाख रुपए ठग लिए। जानकारी के अनुसार, बीमा कंपनी से रिटायर्ड हुए 76 वर्षीय बुजुर्ग को मनी लॉड्रिंग में फंसने का भय दिखाया गया। फोन करने वालों ने बुजुर्ग से कहा कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनता हैं। अगर इस केस से बचना चाहते हैं तो बताए गए नंबर पर पैसे भेज दीजिए। बुजुर्ग को कुछ समझ में नहीं आया। उन्होंने बताए गए ओटीपी पर क्लिक किया और उनके खाते से रकम निकल गई। इस तरह 23 दिनों से साइबर अपराधी पैसे निकालते रहे। साइबर अपराधियों ने खुद को सीबीआई और ईडी अधिकारी के रूप में पहचान बताई थी। शिकायत के बाद नोएडा साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

# पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के श्याम पार्क एक्सटेंशन में स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के अवसर पर जैन सेवक मंडल के तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 5 से 18 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता को 3 अलग-अलग ग्रुपों में आयोजित किया गया था, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा, सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जैन सेवक मंडल के अध्यक्ष विपुल जैन ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए बेहद जरूरी है। इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे नए काम करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर विनय जैन, पुनीत जैन, सुनील जैन, दीपक जैन, रोहित जैन, राजीव जैन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लगभग 105 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# 15 दिनों में समाधान होगा आकाश नगर में बिजली खंबों की समस्या का, एसडीओ ने दिया आश्वासन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मसूरी क्षेत्र में आने वाले आकाश नगर में बिजली के खंबे टेढ़े हो जाने और नए खंबे लगाने की मांग को लेकर आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। एसडीओ पीके सिंह ने कहा कि जल्द ही टेढे खंबे को सीधा किया जाएगा और आवश्यक संख्या में खंबे लगाए जाएंगे। आरडब्लूए के संयोजक शिवकुमार शर्मा ने बताया कि कई बार 1912 पर शिकायत के बावजूद निस्तारण नहीं किया गया जबकि जेई मनोज कुमार मौके पर आये थे और पोल को देखकर गए थे। उन्होंने आश्वासन दिया था कि इसको 15 दिन में ठीक कर दिया जायेगा लेकिन शिकायत को बंद कर दिया गया

उन्होंने कहा कि दोबारा 1912 पर शिकायत करने के बाद एसडीओ पी के सिंह ने 15 दिन में नया पोल लगवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर फ्हअ संरक्षक शिव कुमार शर्मा, अध्यक्ष जिले सिंह तेवतिया, मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष ओमपाल सिंह, संघठन मंत्री कर्मवीर चौहान व गणेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे।



# बारिश से गोविंदपुरम के सामने हरा भरा पेड़ गिरा, यातायात प्रभावित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से शहर के कई इलाकों में पेड़ जड़ से गिर गए। बुधवार को हुई बारिश में गोविंदपुरम के सामने मुख्य सड़क पर एक हरा भरा पेड़ जड़ से उखाड़ कर सड़क पर गिर गिर गया। पेड़ के गिर जाने से इस व्यस्त सड़क पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया। इससे व्यस्त सड़क पर भारी जाम लग गया। बुधवार को दोपहर बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश कुछ ही देर में तेज हो गई इससे कई स्थानों पर पेड़ उखड़ कर गिर गए वसुंधरा से नोएडा सेक्टर 62 जाने के मार्ग पर कनावनी पुलिया के पास पेड़ गिर गया, जिस कारण यातायात प्रभावित हुआ। इसी तरह डासना -कलेक्ट्रेट मुख्य मार्ग पर गोविंदपुरम के सामने एक बड़ा सा पेड़ बारिश का बोझ नहीं झेल पाने के कारण जड़ से उखाड़ कर सड़क पर गिर गया। राहत की बात यह है कि पर गिरने से किसी को चोट नहीं आई है।

# बिजली गुल, टेंशन फुल : साहिबाबाद में 6 घंटे तक गुल रही बिजली, लोग परेशान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के लगातार हो रही बारिश में बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी है। बुधवार को दोपहर करीब दो बजे तेज बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति कई घंटों के लिए ठप हो गई। शालीमार गार्डन, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, कड़कड़ मॉडल, गिरधर एन्क्लेव, वसुंधरा और इंदिरापुरम समेत कई कॉलोनियों में छह घंटे तक बिजली गुल रही। अचानक बिजली चले जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत निगम ने लगातार बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए पूर्व में कार्य किए, लेकिन मौसम ने इन सुधार कार्यों की पोल कुछ ही दिनों में खोल कर रख दी। झंडापुर निवासी राहुल परिहार ने बताया कि दिन में घरों में अंधेरा पसरा रहा। सुबह से ही ट्रिपिंग के चलते कई बार बिजली गई। फिर दोपहर में बारिश के दौरान करीब तीन से चार घंटे का लंबा कट लगा। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई और खाना बनाने में भी दिक्कत झेलनी पड़ी। इंदिरापुरम





निवासी किशोर ठाकुर ने बताया कि हल्की बारिश के दौरान ही करीब दो से तीन घंटे के लिए बिजली गुल हो जाती है। बुधवार को करीब छह घंटे तक बिजली नहीं थी। ओम मार्केट निवासी सुरेन्दर चौहान निवासी ने बताया कि सुबह से ही बिजली का आना-जाना लगा रहा, लेकिन दोपहर को बारिश के दौरान करीब तीन घंटे का लंबा कट लगने से अधिक परेशानी हुई। लोगों का आरोप है कि भीषण गर्मी में भी शटडाउन प्लान लेकर मरम्मत कार्य कराए गए, लेकिन उनका कोई फायदा नहीं हो रहा। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए। विद्युत निगम जोन तीन के मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के दौरान एहतियातन सप्लाई रोकी जाती है। शाम में बारिश रुकने के तुरंत बाद आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी।

# पिलखुवा कांग्रेसियों ने किया पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी को नमन



**पिलखुवा, ।** नगर कांग्रेस कमेटी पिलखुवा कार्यालय पर बुधवार शाम उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी पं. कमलापति त्रिपाठी जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी ने की। जयंती समारोह का शुभारंभ पं. सुधीर शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने त्रिपाठी जी के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व जिला महासचिव मुकेश शर्मा, जिला सचिव लाल बहादुर, नफीस, मौ. परवेज, एडवोकेट फुरकान, जयपाल सिंहं, ओमकार त्यागी, अज्जू शर्मा, गुलफाम सैफी एडवोकेट, त्रिवेदी जी, साहिल सैफी, डॉ. शुऐब, महाराज सैफी, डॉ. आरिफ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिलाओं ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से की मुलाकात

## शराब के ठेके को बंद करवाने की मांग

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम न्याय खंड एक में अवैध रूप से खुले शराब के ठेके को बंद करवाने के लिए बुधवार पूर्व पार्षद मीना भंडारी कुछ महिलाओं के साथ न कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मुलाकात की। महिलाओं ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को समस्या से अवगत कराया और ठेका बंद करवाने की मांग की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए जल्द ही ठेका हटवाने का आश्वासन दिया। मीना भंडारी का कहना है कि शराब का ठेका उनके क्षेत्र में अवैध रूप से खोला गया है और इससे उनके परिवार और समाज पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मंत्रीजी से मांग की कि ठेका जल्द से जल्द बंद किया जाए। मंत्रीजी ने महिलाओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही ठेका हटवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेंगे और महिलाओं की समस्या का समाधान करेंगे।

महिलाओं ने मंत्रीजी के आश्वासन पर खुशी जताई और उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह मंत्री जी के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान करने के लिए तैयार हैं। पूर्व पार्षद मीना भंडारी ने बताया कि धरने का छठा दिन, सभी महिलाएं सायं 6 से 10: बजे तक शराब के ठेके पर धरना देते है और शराब बिकने नहीं है। बुधवार की सुबह कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मुलाकात है उन्होंने आबकारी विभाग व पुलिस से भी इस बारे में जानकारी ली और महिलाओं को आश्वासन दिलाया कि जल्दी समझ सके समाधान होगा। इस अवसर पर पूर्व




पार्षद मीना भंडारी, पारुल सिंह, उर्मिला बर्थवाल मीनू राजोरा, उमा जुयाल, किरण गोनियाल, किरण बमरारा, अनीता रावत, सोनिया चौहान, अनिता भंडारी, गंगोत्री रावत आदि महिला मौजूद रही।

# गाजियाबाद में सड़क सुरक्षा पर कड़ा रुख

## जनपद में डीएम ने कहा, जनपद नही रहना चाहिए कोई ब्लैक स्पॉट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने स्पष्ट कहा कि हर जीवन अनमोल है और उसकी सुरक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

डीएम ने निर्देश दिया कि सड़क हादसों को रोकने और पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी विभाग पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी स्थान ब्लैक स्पॉट के रूप में नहीं रहना चाहिए।



### मुख्य बिंदु

- ब्लैक स्पॉट पर सख्ती : 2023 में चिह्नित सभी ब्लैक स्पॉट का पुन: निरीक्षण कर अधूरे कार्य पूरे किए जाएं। 2024 और 2025 के आधार पर नए ब्लैक स्पॉट तुरंत चिन्हित कर कार्रवाई हो।
- स्कूलों में जागरूकता : शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें और उन्हें अपने परिवार को भी प्रेरित करने को कहा जाए।
- ट्रैफिक अनुशासन : पुलिस और एआरटीओ को नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश।
- हादसे पर त्वरित मदद : स्वास्थ्य विभाग को कहा गया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही टीम और एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस में प्रशिक्षित कर्मी, सभी आवश्यक दवाएं और उपकरण मौजूद हों।
- जनभागीदारी : डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ प्रशासन का नहीं बल्कि समाज का भी दायित्व है।

बैठक में एडीएम नगर, लो.नि.वि., आरटीओ, एनसीआरटीसी, नगर निगम और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में तिमाही शैक्षणिक योजना और वन-पेजर से निखर रहे हैं शिक्षण-प्रशिक्षण परिणाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ बनाने के लिए तिमाही शैक्षणिक योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। इस योजना में वन-पेजर को एक महत्त्वपूर्ण माध्यम के रूप में उपयोग किया गया है, जिससे शिक्षकों को संदर्शिका का क्रमवार और सरल उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

वन-पेजर में प्रत्येक तिमाही के लिए आवश्यक दक्षताएं और प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से दर्ज रहती हैं। इससे शिक्षकों को यह समझने में आसानी होती है कि बच्चों को प्रत्येक तिमाही में क्या सिखाना है और किस क्रम में सिखाना है। इससे शिक्षकों की दैनिक तैयारी और तीनों कालांशों में गतिविधियों का संचालन सुव्यवस्थित हो गया है।

इस पहल के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किए गए। इनका संचालन जनपद के एस.आर.जी. वनीता त्यागी, पूनम शर्मा और देवांकुर भारद्वाज ने किया। इनमें कक्षा 1, 2 और 3 के सभी शिक्षकों को वन-पेजर के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के प्रभाव का आकलन करने के लिए क्विज भी कराया गया, जिससे शिक्षकों की समझ का मूल्यांकन हो सका और आगामी प्रशिक्षण सत्रों को और प्रभावी बनाने में मदद मिली।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि संदर्शिका का सही उपयोग और छात्रों को पर्याप्त अभ्यास का अवसर देने से बच्चों के सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में बेहतर शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं के माध्यम से छात्रों के प्रदर्शन को और उच्च स्तर पर ले जाया जाए।

### वन-पेजर से हो रहे फायदे

- शिक्षकों को एक नजर में पूरी तिमाही की प्राथमिकताएँ मिल रही हैं।
- तीनों कालांशों में गतिविधियाँ पूरी करने पर जोर।
- छात्रों को नियमित अभ्यास और कार्यपुस्तिका आधारित सीखने का अवसर।
- हिंदी और गणित विषय के लिए कक्षावार प्रतियाँ सभी शिक्षकों को उपलब्ध।
- शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने के लिए क्विज और प्रशिक्षण सत्र आयोजित।

# छह साल से चुनाव न लड़ने वाले दलों पर निर्वाचन आयोग की सख्ती, 121 को नोटिस




**लखनऊ, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने ऐसे पंजीकृत राजनीतिक दलों की सुनवाई की जो पिछले छह वर्षों से लोकसभा या विधानसभा चुनाव में हिस्सा नहीं ले रहे थे। इस संबंध में प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

बुधवार को हुई सुनवाई में 51 राजनीतिक दलों को बुलाया गया था, जिनमें से 17 दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उनसे अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट और निर्वाचन व्यय विवरण जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही सभी दलों को निर्देश दिए गए कि वे अपना ईमेल, मोबाइल नंबर और वर्तमान पता अपडेट रखें, ताकि आयोग की सूचनाएँ समय पर प्राप्त हो सकें। रिणवा ने कहा कि हर दल को प्रतिवर्ष 30 सितम्बर तक अंशदान रिपोर्ट और 31 अक्टूबर तक आय-व्यय की ऑडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के 90 दिन और विधानसभा चुनाव के 75 दिन के भीतर आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करना जरूरी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 20 हजार रुपये से अधिक के सभी अंशदान की जानकारी आयोग को उपलब्ध करानी होगी।

सुनवाई में शामिल दलों में गदर पार्टी (प्रतापगढ़), नवचेतना पार्टी (मैनपुरी), नवीन समाजवादी दल (प्रयागराज), निस्वार्थ सेवा राष्ट्र सेवा पार्टी (प्रयागराज), पूर्वांचल क्रांति पार्टी (जौनपुर), राष्ट्रवादी इंसान पार्टी (प्रयागराज), राष्ट्रवादी समाज पार्टी (कानपुर नगर), राष्ट्रीय बंधुत्व पार्टी (प्रयागराज), आम जन क्रांति पार्टी (इटावा), राष्ट्रीय लोकतंत्र दल (हापुड़), राष्ट्रीय मानव विकास पार्टी (अमरोहा), सामूहिक एकता पार्टी (कानपुर नगर), सर्वप्रिय समाज पार्टी (इटावा), सत्य शिखर पार्टी (अयोध्या), यूथ सोशलिस्ट पार्टी (मुरादाबाद), युवा अनुभव पार्टी (गोरखपुर) और भारतीय युवा स्वाभिमान पार्टी (औरैया) के पदाधिकारी शामिल हुए।

# राहुल गांधी की सभा में अभद्र टिप्पणी से देश की भावनाएं आहत : संजीव त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद संजीव त्यागी ने राहुल गांधी की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के लिए की गई अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बयान केवल प्रधानमंत्री का ही नहीं बल्कि पूरे देशवासियों की भावनाओं का अपमान है। लोकतांत्रिक परंपराओं में मतभेद और विचार-विमर्श की पूरी स्वतंत्रता है, परंतु अपशब्दों का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

संजीव त्यागी ने कहा कि इस प्रकार की असंवेदनशील और अपमानजनक भाषा देश की गरिमा को ठेस पहुँचाती है। उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसे व्यवहार का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाए। देश की जनता राहुल गांधी की इस तरह की टिप्पणी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

# विधायक संजीव शर्मा से मिले व्यापारी, हाउस टैक्स सहित कई समस्याओं से कराया अवगत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज गाजियाबाद सदर के लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा से उनके चौधरी माल स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद, महामंत्री अशोक चावला, उपाध्यक्ष अजय चोपड़ा और युवा महामंत्री हितेंद्र शर्मा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को शहर की कई अहम समस्याओं से अवगत कराया, जिनमें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में बेतहाशा वृद्धि, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से संबंधित मुद्दे, बैंक्वेट हॉल और फार्म हाउस की परेशानियां, और हाल ही में हुई लगातार बारिश से उत्पन्न समस्याएं प्रमुख थीं। विधायक संजीव शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों



को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर दो समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। अन्य समस्याओं के शीघ्र निवारण का भी आश्वासन दिया। महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने समस्याओं के समाधान के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

# साहिबाबाद साइट-4 की जर्जर सड़कें बढ़ा रही परेशानियां, 21 करोड़ से होगा कायाकल्प

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में सड़कों की बदहाली एक गंभीर समस्या बन गई है। सड़कों पर गहरे गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिससे न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि उद्योगों का काम भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के चलते सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही है।

उद्योगों और लोगों पर पड़ रहा है सीधा असर : टूटी और गड्ढों से भरी सड़कों के कारण कच्चा माल लाने और तैयार माल बाहर भेजने में भारी मुश्किलें आ रही हैं, जिससे औद्योगिक उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, इन सड़कों से उड़ने वाली धूल प्रदूषण को भी बढ़ा रही है, जो स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है।

मॉनसून के बाद शुरू होगा निर्माण कार्य : इस समस्या के समाधान के लिए यूपीसीडा (वढउक्ळअ) ने पहल की है। विभाग ने साइट-4 में 15 प्रमुख



सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है, जिस पर लगभग 21 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि, विभाग ने साफ कर दिया है कि यह काम मॉनसून के बाद ही शुरू किया जाएगा, क्योंकि



बारिश के मौसम में सड़क निर्माण कार्य करना संभव नहीं होता। इस परियोजना से लोगों को राहत मिलने के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति में भी सुधार होने की उम्मीद है।

# नहीं मिल रही पार्षद निधि, कैसे हो वार्ड का विकास : भूपेंद्र उपाध्याय

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** झंडापुर, वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने वार्ड के विकास कार्यों में बजट की कमी को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि पहले पार्षद निधि का बजट 1 करोड़ रुपये था, जो घटाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया, लेकिन अब यह भी उपलब्ध नहीं है। बजट की कमी के कारण वार्ड के सभी विकास कार्य रुके हुए हैं, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। जनता सवाल उठा रही है कि जब पार्षदों को काम करने के लिए फंड ही नहीं मिलेगा, तो उनका चुनाव क्यों किया गया। लोगों का आरोप है कि नगर निगम ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं।



पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय का कहना है कि वे रोज जनता के सवालों का सामना कर रहे हैं, लेकिन फंड के अभाव में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्होंने नगर आयुक्त और महापौर को पत्र लिखकर पार्षद निधि जारी करने और रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

# लोनी बॉर्डर पुलिस ने वाहन चोर को दबोचा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस की रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त प्रवीण (23 वर्ष), पुत्र प्रभूदयाल, निवासी ग्राम चपौटा थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ है, जो इस समय मलिक डेयरी, बुद्ध बाजार, लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में रह रहा था। अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। वहीं उसका साथी आकाश पुत्र मोहन, निवासी दुगार्पुरी दिल्ली (स्थाई पता ग्राम चपौटा, अतरौली, अलीगढ़) मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है।

पूछताछ में हुआ खुलासा : अभियुक्त



प्रवीण ने पूछताछ में बताया कि उसने और उसके साथी आकाश ने करीब एक साल पहले ज्योति नगर, दिल्ली से उक्त मोटरसाइकिल चोरी की थी। दोनों इस चोरी की मोटरसाइकिल से चोरी-चकारी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पहचान छुपाने के लिए नंबर प्लेट भी हटा दी गई थी।

### बरामदगी और मुकदमा

- अभियुक्त के कब्जे से 1 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।
- गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना लोनी बॉर्डर में धारा 317(2)/317(5) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।
- आकाश के विरुद्ध भी कार्रवाई जारी है।

**आपराधिक इतिहास :** गिरफ्तार अभियुक्त और उसका साथी आकाश के खिलाफ पहले से थाना ज्योति नगर, दिल्ली में चोरी का एक मुकदमा दर्ज है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता लेखराज माहौर ने अपने बेटे लक्ष्य को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संदेश में लिखा कि बेटा उनकी सबसे बड़ी दौलत और जीवन का गर्व है। उन्होंने कहा कि बेटे की मुस्कान ही पिता की सबसे बड़ी ताकत होती है और वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उनके बेटे का जीवन हमेशा खुशियों से भरा रहे। पिता द्वारा पुत्र को भावनाओं से परिपूर्ण कर देने वाली ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# आरकेजीआईटी गाजियाबाद में कल से 36 घंटे तक नॉनस्टॉप कोडिंग और इनोवेटिव हैकाथॉन का आयोजन

## देशभर के 103 स्टूडेंट्स लेंगे भाग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में कल यानि गुरुवार से शनिवार तक नेक्सजेन हैकाथॉन-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह 36 घंटे का नॉनस्टॉप कोडिंग और नवाचार हैकाथॉन है, जिसमें 16 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित हो रही है। देश के 12 राज्यों से 30 प्रतिभाशाली टीमों के 103 छात्र, छात्राएं इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

प्रेसवार्ता में संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि हैकाथॉन का मुख्य फोकस स्मार्ट सिटीज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और हेल्थ केयर जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर है। प्रतिभागी अपने विचारों को प्रोटोटाइप के रूप में प्रस्तुत करेंगे और विजेताओं को रु. 1,10,000 की पुरस्कार राशि पहले से चौथे पोजीशन तक प्रदान की जाएगी।




उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता को तीन चरणों में विभाजित किया गया था। पहले और दूसरे राउंड में 22 राज्यों की 450 से अधिक टीमों के 1700 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से गहन मूल्यांकन के बाद 30 टीमों को फाइनल राउंड के लिए शार्ट लिस्ट किया गया है। फाइनल राउंड 4 से 6 सितंबर 2025 को आयोजित होगा, जिसमें ये टीमें लगातार 36 घंटे तक अपनी प्रतिभा और नवाचार प्रस्तुत करेंगी। फाइनल में प्रतिभाग करने वाली टीमों में 65 छात्र एवं 38 छात्राएं शामिल हैं। आयोजन में विभिन्न इंडस्ट्रीज की भी सहभागिता है।

कार्यक्रम की प्रेस वार्ता में संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद के अलावा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, डायरेक्टर डॉ बी सी शर्मा, डीन एक्रीडिटेशन डॉ रामेन्द्र सिंह, डीन एकेडमिक डॉ आर के यादव, डीन ई आई आई डॉ पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डॉ ललित (एचओडी, आई ओ टी), डॉ विनीश कुमार (एचओडी, ए आई एम-एल), डॉ प्रीती शर्मा (एचओडी, डेटा साइंस), डॉ मोनिका सचदेवा (प्रिंसिपल, फार्मेसी), डॉ ऋतू अग्रवाल (एचओडी, कंप्यूटर साइंस), डॉ सचिन गोयल मौजूद रहे।

## बीजिंगः कुर्सी से उठते ही तानाशाह की टीम करती है उसे साफ

# किम जोंग से जुड़ी हर चीज पर ऐसी निगरानी

**बीजिंग ।** इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें किम जोंग के साथ आए स्टाफ को उनकी एक बैठक के बाद कमरे में मौजूद चीजों की सफाई करते देखा जा सकता है। हालांकि, वीडियो में यह स्पष्ट है कि यह कोई सामान्य सफाई नहीं थी, बल्कि किम की ओर से छुई गई या उनके किसी भी तरह के निशान वाली चीजों की सफाई थी। साफ शब्दों में कहा जाए तो उन चीजों की सफाई, जिनमें किम का डीएनए रह गया हो।

किम जोंग-उन चीन के बीजिंग पहुंचे हैं, जहां उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़ी सैन्य परेड में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम से इतर किम ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात की। रिपोर्ट्स की मानें तो वायरल वीडियो इसी बैठक के बाद का है। वीडियो को एक रूसी पत्रकार



एलेक्जेंडर युनाशेव ने अपने टेलीग्राम पर साझा किया था। इसमें उत्तर कोरियाई अधिकारियों को बैठक वाली जगह पर किम जोंग की कुर्सी के पीछे के हिस्से को साफ करते और उनके व्हिस्की ग्लास और ट्रे को हटाते देखा जा सकता है। इतना ही नहीं स्टाफ का एक और सदस्य किम की कुर्सी के पाए और हैंडरेस्ट को भी साफ करता है। इसके अलावा उनके सामने रखी टेबल से भी निशान मिटाए जाते हैं। युनाशेव के मुताबिक, पुतिन-किम की बातचीत के बाद उनके साथ पहुंचे स्टाफ ने बैठक स्थल से उनकी मौजूदगी के सारे सबूत हटा दिए। किम के डीएनए को हटाने की वजह क्या है हाल ही में

**चीन में इस वक्त कई देश के नेताओं का जमावड़ा है। इनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं। दोनों ही नेताओं के चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ और अलग-अलग बैठकों में शामिल होने की कई झलकियां आई हैं**

जापानी अखबार निक्केई ने सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि उत्तर कोरिया ने चीन जाने से पहले ही किम जोंग-उन के लिए एक नया बाथरूम तैयार किया है, जिसमें और किसी को जाने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा उनके साथ मौजूद गाड्र्स को किम के सभी निशान मिटाने की जिम्मेदारी दी गई थी। बताया जाता है कि इस पूरे एहतियात की वजह यही है कि किम जोंग-उन का डीएनए किसी भी हालत में लीक न हो पाए। दरअसल, किम के डीएनए के विश्लेषण से दूसरे देश उनके स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर अहम जानकारी हासिल कर सकते हैं। ऐसा न सिर्फ उत्तर कोरियाई तानाशाह के मल-मूत्र के जरिए किया जा सकता है।

# भारतीय रिफाइनरीज ने रूसी तेल आयात में कमी के दिए संकेत, अमेरिकी सांसद का बड़ा दावा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने दावा किया है कि अमेरिका के लगातार दबाव के चलते भारतीय रिफाइनरीज ने रूसी तेल आयात में कमी के संकेत दिए हैं। फिट्जपैट्रिक ने भारत की एक उच्च स्तरीय खुफिया यात्रा के बाद ये दावा किया है। फिट्जपैट्रिक ने भारत के साथ ही दक्षिण एशिया के कई अन्य देशों का भी दौरा किया, जिनमें पाकिस्तान और नेपाल भी शामिल हैं। दक्षिण एशिया के अपने दो सप्ताह के मिशन में समापन पर ब्रायन फिट्जपैट्रिक और उनकी टीम ने मंगलवार को एक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि उनकी भारत में विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात हुई।

अमेरिकी सांसद का दावा- टैरिफ दबाव का हुआ असर बयान में कहा गया है कि 'बातचीत और निरंतर राजनयिक जुड़ाव के कारण, भारतीय रिफाइनरीज से शुरूआती संकेत मिले



हैं कि वे रूसी तेल आयात में कमी कर सकती हैं।' बयान में कहा गया है कि 'अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के चलते दोनों देशों के बीच आए आर्थिक तनाव से ये दबाव बना है। भारतीय रिफाइनरीज द्वारा रूसी तेल आयात कम करना एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जिससे यूक्रेन युद्ध में रूस के वित्तपोषण को कमजोर करने में मदद मिलेगी। यह मास्को की आक्रामकता को कम करने और हमारे सहयोगियों को एकजुट करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।'

पाकिस्तान और नेपाल का भी किया दौराब्रायन फिट्जपैट्रिक, जो खुफिया मामलों पर सदन की स्थायी प्रवर समिति की सीआईए उपसमिति के अध्यक्ष हैं। उनके साथ दक्षिण एशियाई देशों के दौरे पर सदन की खुफिया समिति की सदस्य और सांसद क्रिसी हौलाहन भी साथ रहीं।

# तेल पर और ज्यादा रियायत और एस-400 की सप्लाई बढ़ाएगा रूस

**मॉस्को ।** भारत द्वारा रूस से खरीदे जा रहे कच्चे तेल पर जल्द ही और ज्यादा रियायत मिल सकती है। साथ ही भारत और रूस से और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी मिल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ दबाव बनाने के बीच ये रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भारत के लिए तोहफा माना जा रहा है। भारत पहले ही रूस से डिस्काउंट पर तेल खरीद रहा है और अब और ज्यादा डिस्काउंट मिलने से भारत का काफी पैसा बचेगा।

### कच्चे तेल पर रियायत से मिलेगी बड़ी राहत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूराल क्रूड की कीमत अब ब्रेंट क्रूड की तुलना में 3-4 डॉलर प्रति बैरल कम हो सकती है। सितंबर के अंत में और अक्तूबर माह में इस छूट का लाभ



मिल सकता है। बीते हफ्ते यह छूट 2.50 डॉलर प्रति बैरल थी और जुलाई माह में यह 1 डॉलर प्रति बैरल थी। बीते महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिनमें से 25 प्रतिशत टैरिफ रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए लगाया गया था। अमेरिका का आरोप है कि भारत के रूस से कच्चा तेल खरीदने से यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। टैरिफ से भारत पर आर्थिक दबाव पड़ा है, लेकिन अब अगर रूस से कच्चे तेल पर और ज्यादा रियायत मिलती है तो यकीनन इससे भारत पर पड़ रहा आर्थिक दबाव कुछ हद तक कम होगा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सितंबर माह में भारत द्वारा खरीदे गए रूसी कच्चे तेल में अगस्त के मुकाबले 10-20 प्रतिशत का उछाल आया था यानी कि भारत ने रूस से 1.50 लाख से 3 लाख बैरल की अतिरिक्त खरीद की थी। अब और छूट मिलने पर यह संख्या और बढ़ सकती है।

### भारत को एस-400 की सप्लाई बढ़ेगी

मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि भारत और रूस के बीच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद को लेकर बातचीत चल रही है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में ही 5.5 अरब डॉलर में पांच एस-400 डिफेंस सिस्टम की डील हुई थी, जिनमें से तीन सिस्टम भारत को मिल चुके हैं।

# ब्रिटेन में सड़क हादसा: दो कारों की भिड़ंत में तेलंगाना के दो छात्रों की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल

**लंदन ।** दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के एसेक्स में सोमवार तड़के (स्थानीय समयानुसार) रेले स्पर गोलचक्कर पर दो कारों की भिड़ंत हो गई। हादसे में तेलंगाना के दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में 23 वर्षीय चैतन्य तार्रे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 21 वर्षीय ऋषि तेजा रापोलू ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय कार चला रहे पूर्वी लंदन में बार्किंग के 23 और 24 वर्ष के दो अन्य लोगों को खतरनाक ड्राइविंग के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन्हें 20 नवंबर तक जमानत




पर रिहा कर दिया गया।

लोगों से हादसे की सीसीटीवी फुटेज साझा करने की अपील पुलिस के मुताबिक, मृतकों के परिवारों की विशेषज्ञ अधिकारी सहायता कर रहे हैं। पांच अन्य लोगों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस घटना से जुड़ी सीसीटीवी, डैशकैम या अन्य कोई वीडियो फुटेज उनके साथ साझा करें।

यूके ने छात्रों की मौत पर जताया दुख नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (ठक्रअव) यूके ने छात्रों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका कहना है कि ये छात्र गणेश विसर्जन समारोह से लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ। ठक्रअव यूके ने एक बयान में कहा, 'हमें एसेक्स में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे से गहरा दुख हुआ है, जिसमें तेलुगु समुदाय के नौ छात्र शामिल थे। इस दुर्घटना में दो युवा छात्रों- चैतन्य तार्रे और ऋषि तेजा रापोलू की अनमोल जान चली गई। हम उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।'

# थाईलैंड में और गहराया सियासी संकट सत्ताधारी पार्टी ने नए चुनाव की मांग की

**बैकॉक ।** वहीं, मुख्य विपक्षी पीपल्स पार्टी ने घोषणा की कि वह भूमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चारनविराकुल को अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन देगी।

### समर्थन के लिए क्या है विपक्ष की शर्त

हालांकि, विपक्ष का समर्थन कुछ शर्तों पर आधारित है। अनुतिन चारनविराकुल को लिखित समझौते में वादा करना होगा कि नई सरकार बनने के चार महीने के भीतर संसद भंग कर दी जाएगी और आम चुनाव कराए जाएंगे। इसके अलावा, नई सरकार को जनमत संग्रह कराकर नया संविधान बनाने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। विपक्ष लंबे समय से मौजूदा सैन्य शासन के दौर में बने संविधान में बदलाव चाहता है।

शिनावात्रा को पीएम पद से



हटाने के बाद थाईलैंड में उथल-पुथल थाईलैंड में राजनीतिक उथल-पुथल तब बढ़ी जब पिछले हफ्ते संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया। अदालत का कहना था कि उन्होंने कंबोडिया के सीनेट अध्यक्ष हुन सेन से सीमा विवाद के दौरान फोन पर बातचीत कर नैतिकता कानूनों का उल्लंघन किया। इस विवाद में जुलाई में पांच दिन तक हिंसक संघर्ष हुआ था।

2023 के चुनाव के बाद से राजनीतिक उठपटक 2023 के चुनाव में पीपल्स पार्टी ने सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, लेकिन सेना समर्थित सीनेटरों ने उनके उम्मीदवार को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया। इसके बाद फ्यू थाई पार्टी के नेता स्रेठा थाविसिन प्रधानमंत्री बने, लेकिन एक साल बाद उन्हें भी नैतिक उल्लंघन के मामले में हटाया गया। स्रेठा के बाद पैतोंगटार्न

**थाईलैंड में राजनीतिक संकट और गहराता जा रहा है। देश पिछले हफ्ते से कार्यवाहक सरकार के तहत चल रहा है। बुधवार को इस संकट को सुलझाने के लिए दो अलग-अलग कदम उठे। सत्ताधारी फ्यू थाई पार्टी, जो फिलहाल कार्यवाहक सरकार चला रही है, ने संसद भंग करने और नए चुनाव कराने के लिए राजा से अनुरोध किया है**

आई, लेकिन एक साल में ही उन्हें भी पद छोड़ना पड़ा। इस बीच, भूमजैथाई पार्टी ने जून में हुए कंबोडिया विवाद के बाद पैतोंगटार्न की गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिससे सरकार अल्पमत में आ गई और राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ गई।

# पाकिस्तान में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर हमला, छह पाकिस्तानी सैनिकों की मौत

**पेशावर ।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर मंगलवार को हमला हुआ। इसमें छह पाकिस्तानी सैनिक और पांच हमलावरों की मौत हो गई।

पाकिस्तानी सेना ने बताया कि बन्नू जिले में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलावरों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से मुख्यालय की दीवार से टक्कर मार दी। उन्होंने संघीय कांस्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश की।

आत्मघाती विस्फोट के कारण दीवार ढह गई। सुरक्षा बलों ने हमलावरों पर गोलियां चलाईं। इसमें पांच हमलावरों की मौत हो गई। गोलीबारी में छह सैनिक मारे गए। इसमें एफसी और पाकिस्तानी सेना के जवान शामिल थे। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जुल्फिकार हमीद ने बताया कि पुलिस, सेना और एफसी कर्मियों



ने हमले का जवाब दिया। हाल के महीनों में खैबर पख्तूनख्वा में हमले बढ़े हैं। बन्नू, पेशावर, करक, लक्की मरवात और बाजौर जैसे क्षेत्रों में कानून प्रवर्तन कर्मियों को निशाना बनाया गया है। नवंबर 2022 में टीटीपी के सरकार के साथ युद्धविराम समझौते को समाप्त करने और हमलों को बढ़ाने की कसम खाने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी हमले बढ़े हैं। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) के अनुसार देश में इस साल अगस्त में हिंसा बढ़ी है। जुलाई में हमलों में 74 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले महीने बन्नू के होवेद और वजीराबाद इलाकों में 14 संदिग्ध मददगारों को गिरफ्तार किया गया था और उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया गया था।

# इस्राइली हमले के बाद यमन में हूती-विद्रोहियों ने की यूएन के दफ्तरों में छापेमारी

**संयुक्त राष्ट्र ।** यमन की राजधानी सना में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के दफ्तरों पर हूती विद्रोहियों की ओर से की गई छापेमारी में 19 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। यह संख्या पहले बताई गई संख्या से ज्यादा है। यूएन ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यूएन के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को जानकारी दी कि हिरासत में लिए गए 19 लोगों में से 18 यमनी नागरिक हैं और एक अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को तुरंत रिहा करने की अपील की। ये छापेमारी रविवार को एजेंसी के उन दफ्तरों पर की गई, जो खाने-पीने, स्वास्थ्य और बच्चों से जुड़ी सेवाएं देती हैं। यह कार्रवाई इस्राइल के उस हवाई हमले के बाद की गई, जिसमें हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी और कई कैबिनेट मंत्रियों की हत्या कर दी गई थी।

शांति वाताओं की उम्मीदें तब



खत्म हो गईं, जब सात अक्तूबर 2023 को हमास ने दक्षिण इस्राइल पर हमला किया था। इसके जवाब में इस्राइल ने गाजा पर युद्ध छेड़ दिया। इसके बाद हूती विद्रोहियों ने गाजा के फलस्तीनी के समर्थन में लाल सागर में जहाजों पर हमले शुरू कर दिए। इसके जवाब में अमेरिका और इस्राइल ने यमन के हूती-नियंत्रित इलाकों पर हवाई हमले किए।

संयुक्त राष्ट्र, अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन और हूती-नियंत्रित इलाकों में काम कर रहे राजनयिकों पर यह ताजा कार्रवाई हूती विद्रोहियों पर दबाव की रणनीति मानी जा रही है। दुजारिक ने कहा बताया कि इससे पहले भी हूती विद्रोही 23 यूएन कर्मचारियों को हिरासत में ले चुके हैं, जिनमें से कुछ को 2021 से ही बंदी बनाकर रखा गया है।

# रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ाए, 500+ड्रोन लॉन्च मिसाइलें भी दागीं, जेलेंस्की ने मांगी मदद

**कीव ।** पुतिन पर को अंतरराष्ट्रीय अंकुश नहीं- जेलेंस्की यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमले का केंद्र पश्चिमी और मध्य यूक्रेन रहा। इस दौरान कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यह हमला रूस की दम दिखाने की कोशिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्लादिमीर पुतिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह दिखाना चाहते हैं कि उन पर कोई अंकुश नहीं है।

### रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं- जेलेंस्की

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा, 'पुतिन अपनी निर्दयता और दंड से बचने की मानसिकता दिखा रहे हैं। रूस की यह आक्रामकता इसलिए जारी है क्योंकि उसकी युद्ध अर्थव्यवस्था पर पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय दबाव नहीं है। अब



समय आ गया है कि रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं।' जेलेंस्की ने अपने मंगलवार शाम के वीडियो संदेश में बताया कि रूस की तरफ से ड्रोन हमलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, और अब दिनदहाड़े भी हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी सेना ने मोर्चे के कुछ इलाकों में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।

ट्रंप की शांति योजना पर क्या अड़चन पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को रोकने के लिए पहल की है। जेलेंस्की ने युद्धविराम और पुतिन के साथ आमने-सामने शांति वार्ता के ट्रंप के प्रस्ताव को

**रूस ने मंगलवार देर रात यूक्रेन पर अब तक का बड़ा हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूस ने 500 से ज्यादा ड्रोन और करीब दो दर्जन मिसाइलें एक साथ दागीं। इस हमले का सबसे ज्यादा निशाना नागरिक ढांचा, खासतौर पर ऊर्जा संयंत्र बने हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सर्दियों का मौसम नजदीक आ रहा है और तीन साल से जारी युद्ध ने यूक्रेन की बिजली और हीटिंग व्यवस्था को पहले ही बुरी तरह प्रभावित कर रखा है**

स्वीकार कर लिया है। लेकिन रूस ने इसमें अड़चनें डाली हैं। क्रेमलिन ने इन शर्तों को लेकर असहमति जताई है, जिससे शांति प्रयास अटके हुए हैं।

पुतिन की कूटनीतिक चाल इसी बीच, पुतिन चीन में शीर्ष नेताओं से मिल रहे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अमेरिका का आरोप है कि ये देश अलग-अलग तरीकों से रूस की मदद कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने रूस को सैनिक और गोला-बारूद भेजा है। चीन और भारत रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था को सहारा मिल रहा है।

### यूरोपीय देशों से समर्थन जुटा रहे हैं जेलेंस्की

यूक्रेनी राष्ट्रपति लगातार यूरोपीय देशों का दौरा कर रहे हैं ताकि और समर्थन जुटाया जा सके। मंगलवार को वे डेनमार्क पहुंचे।

# देश की प्रथम संविधान साहित्य वाटिका में बना डॉ. कुंअर बेचैन का भित्तिचित्र

## गाजियाबाद के रचनाकारों में खुशी की लहर








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी भी कवि या कलाकार द्वारा किया गया कार्य अमर होता है जो इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाता है। मुरादाबाद के संविधान साहित्य वाटिका में महाकवि डॉ कुँअर बेचैन का भित्ति चित्र उनके शेर के साथ उकेरा गया है। इससे गाजियाबाद के रचनाकारों में खुशी की लहर है।

भारत की प्रथम संविधान साहित्य वाटिका मुरादाबाद के बुद्ध बिहार, दिल्ली रोड सर्किट हाउस के पीछे बनाई गई है। इसका उद्घाटन पिछले दिनों लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री अरविन्द शमार्ने किया था। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी ने भी वाटिका का निरीक्षण किया है। संविधान साहित्य वाटिका में महाकवि डॉ कुँअर बेचैन का भित्ति चित्र उनके शेर के साथ उकेरने का ये प्रशंसनीय कार्य।

मुरादाबाद अर्थॉरिटी एवं महाकवि डॉ कुँअर बेचैन फाउंडेशन गाज़ियाबाद द्वारा किया गया है। इस फाउंडेशन के प्रयासों से गाज़ियाबाद में महाकवि डॉ कुँअर बेचैन सेतु और एमएमएच कॉलिज में महाकवि डॉ कुँअर बेचैन सेमिनार हॉल जैसी उपलब्धियां भी हासिल हुई हैं। भारत की प्रथम संविधान साहित्य वाटिका में डॉ कुँअर बेचैन का भित्ति चित्र उनके शेर के साथ उकेरना इसी श्रृंखला में एक और मील का पत्थर बन गया है। इस संविधान साहित्य वाटिका का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को भारतीय संविधान की विशेषताओं से अवगत कराना है। संविधान की प्रस्तावना की भव्य प्रतिमा वाटिका में स्थापित की गयी है। इस पर लेजर शो का प्रदर्शन भी होगा। साहित्यकारों के लिए ओपन थियेटर का भी निर्माण किया गया है। वाटिका में कवि रामधारी सिंह दिनकर, सूर्य कान्त त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा, हरिवंश राय बच्चन के साथ महाकवि डॉ कुंवर बेचैन का भी भित्तिचित्र बनाया गया है। ये पूरे गाज़ियाबाद के लिए बड़े गर्व की बात है। गाजियाबाद के रचनाकारों में इससे खुशी की लहर दौड़ रही है। डॉ कुंवर बेचैन की पुत्री कवयित्री वंदना कुंअर रायजादा, दामाद शरद रायजादा और शायर राज कौशिक ने इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश शासन एवं मुरादाबाद अर्थॉरिटी का आभाए व्यक्त किया है। -

**राज कौशिक**

# उत्तर प्रदेश बाढ़ पीड़ितों को रालोद के सांसद व विधायक देंगे एक माह का वेतन

## पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने की घोषणा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूरे देश में भारी बारिश से बाढ का कहर आया हुआ है। जगह-जगह बाढ से घर बार उजड गए हैं। पहाडों से हो रहे भारी भूस्खलन से सब कुछ तबाह हो गए हैं। ऐसे में जन सामान्य से लेकर राजनीतिक दल सभी मदद को आगे आ रहे हैं। बाढ प्रभावित लोगों के लिए राष्ट्रीय लोकदल के सांसद व विधायक अपने एक महीने की सैलरी देने देंगे। यह घोषणा रालोद के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने एक्स पर की। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रीय लोकदल ने निर्णय लिया है कि हमारे सांसद व विधायक एक महीने का वेतन बाढ राहत के लिए देंगे।

रालोद नेता इंद्रजीत सिंह टीटू और वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह बिड्डी ने पार्टी अध्यक्ष के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी के इस फैसले से जरूरतमंदों की थोडी बहुत मदद हो जाएगी। यह एक स्वागत योग्य निर्णय है। सिख समाज की ओर से बूंद-बूंद से समुद्र भरता है। पता नहीं, यह किस रूप में किसी की जरूरत में काम आ जाए।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता नहीं चल रहा है क्यों दे रहे हैं देने वाले मिस्टर रावल को बधाई? अभी तो ऑफिशियल घोषणा कहां हुई है भाई? कहने वाले कह रहे हैं, होने वाली घोषणाओं को लेकर है जिन चेहरों को जानकारी, हमारी हुई थी उनसे इस बारे में रायशुमारी? उन्होंने कहा था, मिस्टर रावल को फिलहाल बधाईयों पर लगा देना चाहिए ब्रेक? हो सकता है कि मामला आज ठीक लग रहा हो, मगर बाद में निकल जाए फेक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शिक्षक वाले मेटर में शर्मा जी अपने प्रिय बिरजू को महानगर संयोजक बनवाने की रखते हैं चाहत? मगर, यहां तो हमें सुनाई दे रहा है भगवा भारद्वाज का नाम? कहने वाले ने कहा- जब रिप्लेसमेंट प्रिय राम का हो सकता है, तो फिर भारद्वाज का मामला कौन सा मुश्किल है श्रीमान? कहने वाले ने कहा- उन्होंने जब पहले एमएलसी साहब की पसंद पर पंजाबी चेहरे को दे दी जिम्मेदारी? अगर, दूसरी एमएलसी अपने बिरजू की बात रखेंगे तो यहां पर भी असर दिखाई रायशुमारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन से एक हाथ आगे चल रहे एक महान मंत्री को नोटिस दिलवाने की कर ली है किसी ने तैयारी? सुना है, ये महान मंत्री अपने तरीके से खेल रहे हैं आजकल राजनीति की पारी? भेजने वालों ने भेज दिया है पार्टी आलाकमान को संदेश? कभी भी नोटिस प्राप्त कर सकता है इनका फेस? अगर, ऐसा हुआ तो फिर यार के लिये काम नहीं आएगी दूसरे यार की यारी? थोड़ी सोच समझकर खेलें भगवा गढ़ के इस अखाड़े में ये पहलवान अपनी पारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हूं आपको 15 दिन पुरानी बात? भगवा गढ़ के दो संगठन वालों के बीच में बन गए थे युद्ध वाले हालात? सुना है, जब बातचीत से नहीं बनी बात तो दोनों में खूब बजे घूंसे और लात? सुना है, सहेजने वालों ने बहुत ही तरीके से सहेजी है ये कहानी? लड़ाई की वजह क्या रही ये तो बाद की बात है, मगर जिन दोनों के बीच में इतनी घुटती हो, उनके बीच में क्यों हुई ढिसुम-ढिसुम, इस बात पर है हमको हैरानी? अब नाम जानने के चक्कर में हमारा दिमाग मत खाना जानी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने जब कहा था कि ह्यचुप रहे तो दुआ समझको, कह दिया तो हुआ समझोह्व? उस वक्त ये बात हमको इतनी नहीं लगी थी लाजमी, लेकिन आज जिस हिसाब से हम विधायक जी के खास चेहरों का एडजस्टमेंट होते हुए देख रहे हैं, हमें पता चल रहा है, योद्धा है कमिटमेंट वाले आदमी? पंचायत वाली टीम में विधायक जी के खास मिस्टर रंजन, मिस्टर कांचा चीना और चाबी खोने वालों को दिया है उन्होंने स्थान? कहने वाले ने कहा- जब कर ली है यारी तो उसे निभाया भी जाता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किसी ने पूरे चैन से दिलाया है मैडम चौधरी को पंचायत वाली टीम में स्थान? कहने वाले ने कहा- ये वो नाम है जो विपक्ष वाले जाट नेता से लेकर पार्टी के एक पूर्व अध्यक्ष को भी कर रहा है हैरान? सुना है, वेस्टर्न वाले भी इस नाम पर नहीं थे ज्यादा तैयार? मगर, जहां क्रांतिकारी का नाम आ जाए, वहां तो हो ही जाता है बेड़ा पार? जो भी हो उन्होंने मैडम की एंट्री कराई है जोरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो दौड़ रहे हैं मुरादनगर के अग्निपथ पर उन्होंने साठा चौरासी में भी मजबूत करनी शुरू कर दी है अपनी लाइन? सुना है भगवा कांचा चीना ने ठाकुर विधायक जी के साथ भी कर लिये हैं अपने रिश्ते फाइन? आजकल अधिकतर कार्यक्रमों में नजर आते हैं वो उनके साथ? पता चला है कांचा के दिल में हैं जिला पंचायत चुनाव लड़ने के जज्बात? वो अभी से कर रहे हैं विधायक जी को सॉफ्ट, ताकी भविष्य में विधायक जी कोई नया नाम ना कर दें लांच? परिसीमन को गए हैं कांचा चीना भांप, इसलिये खूब दिख रहे हैं वो तोमर साहब के साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा बॉबी जी धीरे चलना कहीं चाबी ना खो जाए, जरा संभलना, हां बड़े रोड़े हैं तुम्हारी राहों में? सुना है सुनाने वाले ने यूं ही नहीं सुनाया है ये गाना? राजेश भैया के यहां मजबूत हुआ है राजेश भैया का तराना? गुंजन भैया की भी खूब सुनाई दे रही है गूंज? पंचायत का संयोजक बॉबी भैया को बनाकर तैयार कर दिया है योद्धा ने नया अखाड़ा? सुना है, दूसरे त्यागी जी की तमन्ना है कि उन्हें सौंप दिया जाए सेवा वाला पखवाड़ा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गुंजन भैया आजकल बहुत हो रहे हैं गुंजायमान? सुना है, संघ के विचारों को वो बहुत ही सुंदरता से पेश कर रहे हैं श्रीमान? कहने वाले ने कहा- वैसे भी खूब भाता है गुंजन भैया को संघ वालों का प्यार? यकीन ना हो तो इतिहास उठा लेना, आपको हो जाएगा पूरी वीरता से हमारी बात पर ऐतबार? इस बार भी असर दिखाएगा यही वाला प्यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी चुनाव क्यों निरस्त हुआ, इसके पीछे चल रही हैं तरह-तरह की वेव? कहने वाले ने कहा- कोई सोचे की मामला सोलंकी भैया की वजह से अटका है? मगर हम बताएं हमें तो यहां पर विनील भैया के नाम पर खटका है? उनकी घोषणा ने दिया किसी को झटका है, इसलिये ये मामला इसी वजह से लटका है? कहने वाले ने कहा- मैं ज्यादा बोलूंगा तो फैल जाएगा रायता? इस वेव को आपको समझना पड़ेगा, क्योंकि ये समझने में ही है कायदा?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बलिया से समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय से गाज़ियाबाद सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी ने मुलाकात की। इस दौरान संगठनात्मक विषयों और पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।**

# गाजियाबाद पुलिस की नई पहल : अब हर बुधवार होगा 'वादी संवाद दिवस'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस और जनता के बीच भरोसे की नई कड़ी जोड़ते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बुधवार को ह्यवादी संवाद दिवसह्व की शुरूआत की। इस नई पहल का उद्देश्य वादियों और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित कर केस की जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाना है।



इस नीति के तहत अब हर बुधवार को सभी थानों पर वादी संवाद दिवस आयोजित होगा। पहले ही दिन यानी 3 सितम्बर को आयोजित इस कार्यक्रम में गाजियाबाद के तीनों जोनों से कुल 562 वादी थानों पर पहुंचे और अपने मामलों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। इनमें नगर जोन से 119, ट्रांस हिण्डन से 114 और ग्रामीण जोन से सबसे अधिक 329 वादी शामिल हुए।

वादी संवाद दिवस के दौरान थानों पर आए वादियों को उनके मुकदमों, गुमशुदगी और शिकायतों की विवेचना से जुड़ी स्थिति की जानकारी दी गई। थानों के विवेचक और थाना प्रभारी उनके सवालों का तथ्यात्मक व संतोषजनक उत्तर देते रहे। इस दौरान संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त भी अपने-अपने सर्किल के थानों पर मौजूद रहे।

पुलिस आयुक्त ने इस पहल को 'जन सरोकार आधारित दूरदर्शी कदम' बताते हुए कहा कि गाजियाबाद पुलिस भविष्य में भी ऐसे नवाचारों को अपनाकर जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत करती रहेगी।

### पहल की खास बातें

- **हर हफ्ते अपडेट :** अब वादी को हर बुधवार अपने केस की प्रगति जानने का अवसर मिलेगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।
- **पुलिस की जवाबदेही :** थाना प्रभारी और विवेचकों पर मामलों को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने का दबाव रहेगा।
- **मानसिक सुकून :** केस की स्थिति स्पष्ट होने से वादी का विश्वास और संतोष बढ़ेगा।
- **जनता-पुलिस संवाद :** यह पहल एक ऐसा मंच बनी, जहां सीधा संवाद हुआ और दूरी घटती दिखी।
- **फीडबैक से सुधार :** पुलिस को जनता से सीधे सुझाव और फीडबैक मिलेंगे, जिससे कामकाज की गुणवत्ता सुधरेगी।

# पुलिस उपायुक्त नगर ने सुनी शिकायतें समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

## गाजियाबाद पुलिस आयुक्त के निर्देश पर हुई जनसुनवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशानुसार पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान शिकायत लेकर आए लोगों से उन्होंने सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में आए प्रत्येक प्रकरण पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यशाला भ्रूण लिंग चयन पर रोक का संकल्प





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीसीपीएनडीटी एक्ट अधिनियम पर कार्यशाला एवं आंगनबाड़ी तथा एएनएम कार्यकताओं का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीसीपीएनडीटी नोडल डॉ. अनुराग ने किया। इस अवसर पर कार्यकताओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की गहन जानकारी प्रदान कर उन्हें भ्रूण लिंग चयन जैसी कुप्रथाओं के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षण में आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। वहीं हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की ओर से प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाएंगे।

# गाजियाबाद होगा नशा मुक्त !

## युवाओं को बचाना प्राथमिकता, ड्रग माफियाओं पर कसेगा शिकंजा : डीएम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'नशा युवाओं का भविष्य निगल रहा है, और इसे हर कीमत पर रोकना होगा' यही सख्त संदेश बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक में दिया। महात्मा गांधी सभागार में हुई इस बैठक में डीएम ने कहा कि जनपद में ड्रग्स की तस्करी, बिक्री और खरीद-फरोख्त के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग से तस्करों की गिरफ्तारी और बरामद नशे के सामान के निस्तारण की जानकारी ली और चेतावनी दी कि कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा।








### चेतावनी और एक्शन प्लान

- स्कूल-कॉलेजों में विशेष एंटी-ड्रग्स जागरूकता कार्यक्रम होंगे, खासकर कक्षा-9 और उससे ऊपर के विद्यार्थियों को नशे के खतरों के बारे में बताया जाएगा।
- ग्रामीण और शहरी इलाकों में भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ताकि ड्रग्स का फैलाव किसी स्तर पर न हो।
- सिनेमा हॉल में शॉर्ट फिल्म दिखाकर युवाओं को नशे से सावधान किया जाएगा।
- सोशल मीडिया और प्रेस के जरिए नशे के शिकार लोगों की कहानियाँ और ड्रग्स कारोबारियों पर कार्रवाई की जानकारी साझा की जाएगी।
- सभी स्कूलों के बाहर कड़ी चेकिंग होगी, यदि कोई नशे का कारोबार करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**डीएम ने कहा कि नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा है, लेकिन अगर पुलिस, नगर निगम, जीडीए, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा और यातायात विभाग मिलकर काम करें तो गाजियाबाद को नशा मुक्त बनाया जा सकता है। बैठक में एडीएम सिटी, एडिशनल डीसीपी क्राइम, स्वास्थ्य विभाग, नारकोटिक्स सेल, खाद्य विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर, समाज कल्याण, शिक्षा और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।**

### युवाओं के लिए

- नशा कोई फैशन नहीं, यह जीवन को धीरे-धीरे खत्म करने वाला जहर है।
- दोस्तों के दबाव में आकर किसी गलत राह पर न चलें।
- अपनी ऊर्जा खेल, पढ़ाई और सकारात्मक गतिविधियों में लगाएं।
- अगर कभी नशे की लत महसूस हो तो तुरंत परिवार या हेल्पलाइन से मदद लें।

### माता-पिता के लिए संदेश

- अपने बच्चों की दिनचर्या और संगत पर नजर रखें।
- अचानक व्यवहार में बदलाव, पढ़ाई में गिरावट या पैसों की अधिक मांग को गंभीरता से लें।
- बच्चों से संवाद बढ़ाएं और उनकी परेशानियाँ समझें।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।